हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 27 अप्रैल 2026
बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया


हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

## सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026

### प्रथम उपहार 1 कार



**द्वितीय उपहार**
**3 नग बाईक**



**तृतीय उपहार**
**10 नग LED TV**



**चतुर्थ उपहार**
**5 नग फ्रीज**



**पांचवा उपहार**
**8 नग वासिंग मशीन**



**छठवां उपहार**
**15 नग गैस चूल्हा**



**सातवां उपहार**
**25 नग सिलिंग फैन**



**आठवां उपहार**
**40 नग ट्राली बैग**



**नवां उपहार**
**500 नग हॉट पॉट**



**दसवां उपहार**
**600 नग लंच बाक्स**



**ग्यारहवां उपहार**
**प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार**



**नियम एवं शर्तें :-** ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है । ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन ) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे । ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी । ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं । ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते ।

आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें

हरिभूमि कार्यालय : गौरव पथ, रिंग रोड नं. - 2, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-401052, मो. 7000789166

## खबर संक्षेप

### जगदगुरु रामभद्राचार्य का एयरपोर्ट पर स्वागत



**बिलासपुर।** रविवार को चकरभाठा एयरपोर्ट पर जगदगुरु रामभद्राचार्य का आगमन हुआ। वहां सभी भक्तों ने उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। सीएमडी कॉलेज के अध्यक्ष संजय दुबे ने उनका स्वागत किया। कॉलेज का नाम सुनते ही स्वामी जी ने पुरानी स्मृतियों को याद किया और कालेज के संबंध में जानकारी ली।

### 'बस्ती चलो अभियान' में विधायक अमर ने किया वार्डों का दौरा



**बिलासपुर।** नगर विधायक अमर अग्रवाल 'बस्ती चलो अभियान' के तहत वार्डों के दौरे पर निकले। उन्होंने वार्ड 20 सिंधी कॉलोनी, वार्ड 40 सिंधु भवन तोरवा, वार्ड 40 पटेल मरार समाज भवन, वार्ड 40 भाजपा कार्यालय एवं वार्ड 30 सिंधी धर्मशाला में आयोजित बैठकों में शिरकत की। जनसंवाद के दौरान श्री अग्रवाल ने केंद्र की मोदी सरकार एवं प्रदेश की जनकल्याणकारी नीतियों से जनता को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी और प्रदेश सरकार की योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति को सशक्त बना रही हैं। वार्डवासियों ने भी मोदी की नीतियों और विधायक के सक्रिय प्रयासों के प्रति अपना पूर्ण समर्थन और विश्वास जताया। विधायक ने संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं को सुना और उनके त्वरित निराकरण के लिए आश्वस्त किया।

### नशा मुक्ति अभियान नशे के खिलाफ प्रभावी पहल



**बिलासपुर।** शांता फाउंडेशन बिलासपुर द्वारा चलाया जा रहा नशामुक्ति अभियान का 10वां दिवस शनिवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। लोगों का कहना है कि यह पूर्ण नशे के खिलाफ एक प्रभावी पहल है। डॉ संतोष गेमनानी ने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए समुदाय की भागीदारी, सख्त कानून और प्रभावित लोगों के लिए उचित उपचार सुविधाओं का एक साथ होना आवश्यक है। क्षेत्र के लोगों ने नशा न करने और दूसरों को प्रेरित करने की शपथ ली है। फाउंडेशन के संस्थापक नीरज गेमनानी ने कहा की युवाओं को गलत संगत से बचाने सख्त निगरानी एवं स्कूल, कालेज स्तर पर शिक्षा व जागरूकता की जरूरत है।

### लेफ्टिनेंट वैभव ने ओटीए काम्पटी नागपुर में लिया पीआरसीएन प्रशिक्षण

**बिलासपुर।** एलसीआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स बिलासपुर के लेफ्टिनेंट वैभव अवस्थी ने प्री-कमीशन कोर्स



पीआरसीएन एसडी-174, डीसी-52 एवं नवी-15 का सफलतापूर्वक पूर्ण कर संस्था एवं प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। प्रशिक्षण के दौरान लेफ्टिनेंट अवस्थी ने ड्रिल, मानचित्र पठन, हथियार प्रशिक्षण (फायरिंग), शारीरिक दक्षता परीक्षण तथा विभिन्न खेल गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाई। अनुकरणीय कार्यशैली के लिए लेफ्टिनेंट वैभव को डिप्टी कमांडेंट एवं मुख्य प्रशिक्षक ब्रिगेडियर निरंजन जोग द्वारा प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। लेफ्टिनेंट अवस्थी ने कॉलेज प्रबंधन के चेयरमेन प्रमोद जैन, वाइस चेयरमेन अंकित जैन, सचिव उपकार राय, प्राचार्य डॉ. अर्चना शुक्ला, वाइस प्राचार्य डॉ. शुभी श्रीवास्तव, अभिनव पॉल तथा 7 छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी बिलासपुर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल लोकेश देबा का विशेष आभार व्यक्त किया।

### रेलवे स्कूल के 70 प्लस का रीयूनियन सम्मेलन



**बिलासपुर।** 70 प्लस वालों के द्वारा रीयूनियन वार्षिक सम्मेलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें दक्षिण पूर्व रेलवे मिक्स्ड हायर सेकंडरी स्कूल (हिंदी मिडियम) के 1972 गोल्डन जुबली इयर के भूतपूर्व छात्रों द्वारा हर्षोल्लास के बाद आपस में एक-दूसरे को 50 से 54 वर्षों के बाद मिले और रंगारंग कार्यक्रम में पूरे उत्साह के साथ ग्रुप मित्रों से बचपन कि यादों को ताजा किए। कार्यक्रम का आरंभ आरती द्वारा किया गया। सर्वप्रथम समूह गान आरती, शिखा, श्यामा, देवाशीष, कालीदास और बिलास द्वारा प्रस्तुत किया गया। फिर दो स्वर्गीय मित्रों को २ मिनट मौन रहकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। स्व. यशवंत चौधरी और स्व. यम. एस.राव। तत्पश्चात एकल गायन लता,जानकी, आरती, आलोक, किशोर , कालीदास और देवाशीष द्वारा प्रस्तुत किया गया। वाद्ययंत्र बांसुरी सतीश और माऊताआर्गन डेविड द्वारा प्रस्तुत किया गया। एंकर का कार्यभार, आरती ने संभाला सराहनीय रहा। नृत्य में आरती, शिखा, श्यामा, कमलेश,स्मृति कना, राजलक्ष्मी द्वारा प्रस्तुत किया गया। प्रफुल्ल ने कार्यक्रम समाप्त करने की घोषणा की।

**यात्रियों को राहत** | **बढ़ती गर्मी और उमस से राहत दिलाने रेलवे प्लेटफार्म पर यात्रियों को पिलाया जा रहा ठंडा पानी**

# ठंडे पानी और शरबत से बुझाई जा रही यात्रियों की प्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेल प्रशासन ने भीषण गर्मी को देखते हुए यात्रियों के लिए एक नई पहल की है, जिसके तहत स्टेशन में मौजूद और ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों की प्यास ठंडे पानी और शरबत से बुझाई जा रही है। गर्मी के कारण लोगों की हालत खराब होते जा रही है।

नार्मल पानी की अपेक्षा ठंडे पानी की मांग ज्यादा हो गई है। वहीं स्टेशन में ट्रेन का इंतजार करने वाले और सफर करने वाले यात्री विशेषकर स्लीपर और



जनरल कोच में सफर करने के दौरान काफी परेशानी हो रही है। बिलासपुर रेल मंडल कामर्शियल विभाग के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह के आदेश पर यात्रियों को पहले ओआरएस का पैकेट वितरण किया गया, ताकि उनकी हालत गर्मी में न बिगड़े। इसके तहत अब एक नई पहल करने के साथ ही बिलासपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 2 और 3 पर आने-जाने वाली यात्री गाड़ियों में सफर करने वाले यात्री और ट्रेन का इंतजार करने वाले यात्रियों को वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों, वाणिज्य विभाग की स्पेशल टीम और स्काउट एवं गाइड के बच्चों की ओर से शरबत एवं ठंडा पेयजल वितरण किया जा रहा है।

### पार्किंग में अग्निशामक रखने का आदेश

भीषण गर्मी के दौरान सबसे अधिक परेशानियां रेलवे स्टेशन में पहुंचने वाले यात्रियों की हो रही है। आटो और अन्य सवारी वाहनों के बजाय ज्यादातर यात्री और उनके परिजन अपने वाहन से ही स्टेशन पहुंचते हैं, जो आटो चालकों की मनमानी वसूली और दादागिरी से बचने के लिए अपने वाहनों को पार्किंग में रखना अधिक पसंद करते हैं। जोनल स्टेशन में दो पहिया और चार पहिया वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग की व्यवस्था की गई है। बारिश और ठंड के दिनों में यहां की पार्किंग में रखी गाड़ियां तो सुरक्षित रहती हैं, लेकिन भीषण गर्मी और दोपहर की तेज धूप के कारण पार्किंग में शेड और छांव की व्यवस्था नहीं होने से गाड़ियों में आग लगने का खतरा अधिक हो जाता है। पिछले कुछ दिनों से पार्किंग में अपने वाहनों को लेकर जाने वाले लोग छांव की तलाश करते हैं, ताकि उनकी गाड़ियां सुरक्षित रहे। वहीं रेल प्रशासन ने भी अब वाहन पार्किंग में रखी गाड़ियों को आग की घटना से बचाने के लिए बिलासपुर रेल मंडल के सभी छोटे बड़े स्टेशनों में अग्निशामक यंत्र रखने का आदेश जारी कर दिया है, जिससे आग लगने की घटना के उपरांत तत्काल उसपर काबू पाया जा सके।

**एनटीपीसी ने दिया 7.19 करोड़ रूपए का फंड**

# सुपर स्पेशलिटी अस्पताल को मिली 7.19 करोड़ रुपए की सौगात



कोनी में आधुनिक सुविधाओं का लोकार्पण करते केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, विधायक अमर अग्रवाल व धरमलाल कौशिक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोनी स्थित सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में प्रदेश का पहला आधुनिक ब्लड सेंटर बन चुका है। इसके लिए एनटीपीसी सीपत द्वारा ब्लड सेंटर बनाया गया है, जिसमें विश्वस्तरीय मशीनें लगाई गई है। वहीं सिम्स में भी अत्याधुनिक मशीनों का लोकार्पण रविवार को किया गया। खास बात यह है कि इन सुविधाओं के लिए एनटीपीसी ने 7.19 करोड़ का फंड दिया है। रविवार को केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने नवीन मशीनों का लोकार्पण किया है।

कुमार साहब स्वर्गीय श्री दिलीप सिंह जूदेव जी शासकीय सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल और सिम्स को उन्नत उपकरणों एवं मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर की सौगात मिली। इस अवसर पर एनटीपीसी सीपत द्वारा दिए गए 4.27 करोड़ रुपये से त्याधुनिक रक्त कोष, माइक्रोबायोलॉजी लैब, हार्मोन लैब एवं एआई-आधारित माइक्रोस्कोपी का उद्घाटन किया गया। रक्त केंद्र छत्तीसगढ़ का अपनी तरह का पहला अत्याधुनिक ब्लड बैंक है, जिसमें एडवांस्ड मशीनें स्थापित की गई हैं, जिससे जांच एवं उपचार सेवाएं और बेहतर होंगी। साथ ही सिम्स में2.92 करोड़ रुपये से खरीदी गई मशीनों का लोकार्पण किया गया। इस दौरान लगभग 8 विभागों के लिए कुल 26 मशीनें खरीदी गई हैं, जिनमें हाई-एंड कलर डॉप्लर, ऑटोमैटिक केमिल्यूमिनेसेंस, एचपीएलसी, सी-आर्म, ओटी टेबल,



डेंटल चेयर, मॉर्चुरी फ्रीजर, एमओ2 फ्रैक्शनल लेजर सिस्टम तथा एसीटी मशीन जैसी महत्वपूर्ण मशीनें शामिल है। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने चिकित्सा सुविधाओं का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के तौर पर विधायक धरमलाल कौशिक, अमर अग्रवाल, महापौर श्रीमती पूजा विधानी, जिपं अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एनटीपीसी परियोजना प्रमुख स्वपन कुमार मंडल, सिम्स डीन डॉ रमणेश मूर्ति, सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के निदेशक व मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. भानु प्रताप सिंह, सिम्स मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ लखन सिंह, एनटीपीसी एचआर जयप्रकाश सत्यकाम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी भवनीश समन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### बेहतर होगा उपचार, जनसेवा को मिलेगी गति

मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू कहा कि क्षेत्र में विकास कार्य के लिए एनटीपीसी सीपत द्वारा का योगदान महत्वपूर्ण है। सीएसआर के तहत स्वास्थ्य क्षेत्र में किया गया सहयोग सराहनीय है, इससे चिकित्सा सुविधाएं सुदृढ़ होंगी। अत्याधुनिक ब्लड बैंक, उन्नत लैब सुविधाओं एवं आधुनिक उपकरणों से मरीजों को समय पर और बेहतर उपचार उपलब्ध होगा और जनसेवा के साथ-साथ विकास को गति मिलेगी।

### जटिल बीमारियों की जांच संभव

सिम्स के डीन डॉ रमणेश मूर्ति ने कहा कि एनटीपीसी सीपत की सहायता से महत्वपूर्ण मशीनें अस्पताल में स्थापित की गई हैं, जिनसे जटिल बीमारियों की जांच और उपचार संभव हो सकेगा, जिससे मरीजों को बाहर जाने की आवश्यकता कम होगी। उन्होंने एनटीपीसी के इस कार्य को सामुदायिक विकास और स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा कि बिलासपुर सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों को सुलभ चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेंगी।

### पूरी प्रक्रिया है कंप्यूटरीकृत

सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के निदेशक, प्रोफेसर एवं मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. भानु प्रताप सिंह ने कहा कि रक्त केंद्र में डॉक्टरों और प्रशिक्षित टेक्नीशिएन की ड्यूटी रहेगी। अल्ट्रा मॉडर्न ब्लड बैंक तैयार किया गया है, जिसमें प्रक्रिया कंप्यूटरीकृत व ऑनलाइन होगी। इससे जांच में पारदर्शिता बनी रहेगी और मरीजों तथा मॉनिटरिंग सिस्टम के बीच बेहतर इंटरफेस संभव होगा। उन्होंने कहा कि ब्लड बैंक में एसडीपी यानी सिंगल डोनर प्लेटलेट की सुविधा उपलब्ध है। जिसके माध्यम से कैंसर, डेंगू एवं अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों को एक ही डोनर से प्लेटलेट्स उपलब्ध कराई जा सकेंगी। अस्पताल में एफ़ेरेसिस मशीन, उन्नत माइक्रोबायोलॉजी उपकरणों एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित माइक्रोस्कोप के माध्यम से रक्त जांच के साथ-साथ ब्लड कैंसर जैसी जटिल बीमारियों की भी सटीक एवं त्वरित जांच संभव हो सकेगी। ऐसी मशीनें देश के कुछ चुनिंदा संस्थानों में ही उपलब्ध हैं।

# सम्मेलन में भाजपा महिला मोर्चा का आरक्षण को लेकर फूटा गुस्सा



**बिलासपुर।** सदन में 33% महिला आरक्षण को लेकर भाजपा ने रविवार को भाजपा कार्यालय में जन - आक्रोश महिला सम्मेलन का आयोजन किया। इस अवसर पर बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं की संयोजक आर विभाराव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा महिलाओं को सम्मान देने के लिए फैसला लिया है और कई प्रस्ताव पास किया। देश की राजनीति में महिलाओं को आगे लाने के लिए महिलाओं को सदन में पहुंचने के लिए 33% आरक्षण का बिल सदन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही लेकर आए,लेकिन कांग्रेस एवं सहयोगी दलों ने इस बिल का विरोध कर दिया। जिसमें देश की महिलाओं में काफी आक्रोश है। कांग्रेस महिला विरोधी है। इसका उदाहरण सदन में देखने को मिला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बिल को जरूर पास करेंगे और महिलाओं को सम्मान दिलाएंगे। और महिलाएं कांग्रेस को इसका जवाब देगी। महापौर पूजा विधानी ने कहा है कि श्री मोदी ने हमेशा महिलाओं को सम्मान दिलाया। उन्होंने महिलाओं को गैस चूल्हा और सिलेंडर दिलवाएं ताकि महिलाएं लकड़ी न जलाए धुआं से उनके स्वास्थ्य में पर असर न पड़े। 33%आरक्षण महिलाओं को देने उनका सम्मान भाजपा ने किया है। 30 साल से महिलाओं को आरक्षण देने का बिल कांग्रेस ने रोक कर रखा है। एक तरफ प्रधानमंत्री श्री मोदी महिलाओं को सम्मान दे रहे दूसरी तरफ कांग्रेस महिलाओं का अपमान किया। भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष स्नेह लता शर्मा ने कहा है कि आज देश की महिलाओं में काफी आक्रोश है। कांग्रेस एक तरफ कहती कि हमने महिला आरक्षण बिल का विरोध नहीं किया है हमेशा महिलाओं का सम्मान किया है, तो फिर महिलाओं के समर्थन में सदन में बिल का विरोध उन्हें नहीं करना था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिलाओं को उनका हक दिला कर रहेंगे। देश के महिलाओं के लिए 33% आरक्षण बिल सदन में जरूर पास होगा। अब कांग्रेस इसका विरोध कर रही है जिसके कारण देश की महिलाओं में आक्रोश है और इसलिए पूरे देश में भाजपा महिला मोर्चा सम्मेलन कर रही है।

- **कांग्रेस एवं सहयोगी दलों पर लगाया इस बिल का विरोध करने का आरोप**

### इनकी रही उपस्थिति

जन आक्रोश महिला सम्मेलन में प्रदेश उपाध्यक्ष पुनीता डहरिया, विभा गौराहा, पार्षद रेखा पांडे रूपाली गुप्ता, वंदना सिंह ,सुधा गुप्ता, रीता भामरा, चंदना गोस्वामी, गीता सिंह, अनीता वर्मा, रीना गोस्वामी दीपशिखा, नीरजा सिन्हा, प्रतिभा मिश्रा, सरोज साहू, सुमन यादव, कृति झा, लोकेश्वरी राठौर, पूजा खत्री, वंदना तिवारी, दीपमाला झा, ज्योति मिश्रा, मेलन साहू आदि मौजूद थीं।

# नारी शक्ति बिल पारित नहीं होने पर होगा विशेष सम्मेलन

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के सभी नगर निगमों के महापौर समेत नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों के अध्यक्षों के नाम पाती लिखी है। इसमें 131 वां संविधान संशोधन विधेयक नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद में पारित नहीं होने का उल्लेख करते हुए उसके विरूद्ध निंदा प्रस्ताव पर चर्चा करने विशेष सम्मेलन बुलाने कहा गया है।

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने सभी नगर निगमों के महापौर सहित नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत अध्यक्षों को पत्र लिखकर इस विषय पर 10 दिनों के भीतर विशेष सम्मेलन बुलाने कहा है। पत्र में कहा गया है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 को वर्ष 2029 के आम चुनाव से ही लागू करने के लिए लाया गया 131 वां संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा में पारित न हो पाना अत्यंत दुर्भाग्यजनक है। यह विधेयम न केवल भारती की आधी आबादी के राजनीतिक प्रतिनिधित्व का अधिकार था, बल्कि देश के लोकतांत्रिक ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम भी था। इस संशोधन विधेयक का पारित न हो पाना निश्चित रूप से महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बाधा के रूप में देखा जा सकता है। यह समय दलगत राजनीतिक से ऊपर उठकर राष्ट्र निर्माण में सहयोग प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण अवसर था।

- **10 दिनों के भीतर बुलाया जाएगा विशेष सम्मेलन**

जब तक महिलाओं को समान अवसर प्राप्त नहीं होगा तब तक समाज का समग्र विकास संभव नही है। महिलाओं को लोकतंत्र में पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिलाकर उनके सर्वांगीण विकास का रास्ता सशक्त करने के लिए यह एक ऐतिहासिक अवसर था। इस विधेयक का विरोध कर विपक्षी दलों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि समाज में महिलाओं के अधिकारों एवं समानता से उनका कोई सरोकार नहीं है।

महिलाओं को समान अवसर दिलाने के लिए लाए गए इस विधेयक पर विपक्षी दलों का रवैया एवं उनका विरोध न केवल चिंताजनक है बल्कि निंदनीय भी है। इसलिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम संशोधन विधेयक संसद में पारित नहीं होने के विरूद्ध नगर निगम, नगर पालिका परिषद का विशेष सम्मलेन 10 दिनों में बुलाकर एक निंदा प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा।

### कार्यकताओं ने सुनी मोदी के 'मन की बात'

**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'मन की बात' कार्यक्रम की 133वीं संस्करण को भारतीय जनता पार्टी शहर के भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय में बड़ी स्क्रीन के माध्यम से देखा और सुना। आज 26 अप्रैल रविवार को भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' की 133वीं संस्करण को उत्साहपूर्वक सुना गया। यह कार्यक्रम देशभर में प्रसारित हुआ, जिसमें प्रधानमंत्री ने विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय विषयों पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम को सुनने लिए पार्टी कार्यालय पर बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद थे।

# 32 हजार मजदूरों का 4 करोड़ रुपए भुगतान बकाया

## मनरेगा के मजदूरों को जनवरी से नहीं हुआ भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा में काम करने वाले जिले के 32 हजार मजदूरों को पिछले तीन महीने से मजदूरी भुगतान नहीं हुआ है। अब तक मजदूरों का लगभग 4 करोड़ रुपए मजदूरी भुगतान बकाया है।

तीन-चार महिनों से भुगतान नहीं होने से मनरेगा में काम करने वाले मजदूरों की आर्थिक स्थिति खराब होने लगी है। अगर शीघ्र ही इन मजदूरों का मजदूरी भुगतान नहीं हुआ तो उनके समक्ष आने वाले दिनों में परिवार चलाने की समस्या पैदा हो जाएगी साथ ही उनकी आर्थिक स्थिति और बिगड़ने लगेगी। जिले के 465 ग्राम पंचायतों में विभिन्न तरह के 5 हजार 403 काम चल रहे हैं। इन पंचायतों में तालाब गहरीकरण, नया तालाब निर्माण, प्रधानमंत्री आवास, उचित मूल्य दुकान, मुक्तिधाम, चेकडेम निर्माण,




आंगनबाड़ी भवन, ग्राम पंचायत भवन, डबरी निर्माण जैसे काम चल रहे हैं।

### जल्द किया जाएगा भुगतान

वर्तमान में पुराने मनरेगा योजना तहत जिले में काम हो रहा है और कार्य एवं लेबर की संख्या अच्छी है। भुगतान को लेकर थोड़ी समस्या थी क्योंकि बीच में मजदूरी भुगतान नहीं हो पाया था। लेकिन अब आबंटन शासन के पास आ गया है और जल्द ही मजदूरी भुगतान हो जाएगा।

**-संदीप कुमार अग्रवाल**
सीईओ, जिला पंचायत

### अभी शुरू नहीं हुई नई योजना वीबी-जी राम जी

विकसित भारत रोजगार गारंटी व आजीविका मिशन ग्रामीण वीबी जी राम जी योजना अभी शुरू नहीं हो पाई है। इसके अंतर्गत 125 दिनों का रोजगार देने का प्रावधान किया गया है, जबकि मनरेगा में 100 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराया जाता है। बताया जा रहा है कि पहले काम सीमित और अस्थाई थे और अब स्थाई काम होंगे जैसे गड्ढा खुदाई, तालाब, सड़क, गोदाम, जल संरचनाएं बनेंगे। इनसे गांव की अपनी संपत्ति बनेगी और गांव की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। वहीं काम के साथ कौशल भी सिखाया जाएगा। इससे महिलाओं को एसएचजी के जरिए काम और नेतृत्व मिलेगा तथा स्किल सेंटर, शेड निर्माण जैसे कार्य किए जाएंगे। ग्राम पंचायत और ग्राम सभा मिलकर तय करेंगे कि गांव में कौन-सा विकास कार्य होना चाहिए।

**काउंटिंग, मिलान और रिजल्ट तैयार करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में**

# साढ़े पांच लाख छात्रों की कापियों का मूल्यांकन पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ में 10वीं और 12वीं के लाखों छात्रों का इंतजार अब जल्द खत्म होने वाला है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) 30 अप्रैल या एक मई को परीक्षा परिणाम जारी कर सकता है। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूरा हो चुका है। काउंटिंग, मिलान और रिजल्ट तैयार करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। दरअसल इस बार हिंदी का पेपर लीक होने की वजह से कक्षा 10वीं की हिंदी परीक्षा 10 अप्रैल 2026 को दोबारा आयोजित की गई थी। इस कारण परीक्षा परीणाम जारी होने में देरी हो रही है।

- **सीजी बोर्ड का रिजल्ट 30 अप्रैल या एक मई को**

माशिमं की संभागीय अधिकारी श्रीमती संगीता गंगोत्री के अनुसार मूल्यांकन का कार्य समय पर हो चुका है। फिलहाल, मिलान की प्रक्रिया चल रही है। इसके बाद रिजल्ट तैयार किया जाएगा। कोई गलती न हो, इसे लेकर सावधानी बरती जा रही है। हालांकि अभी तक एक तारीख तय नहीं हुई है। लेकिन बताया जा रहा है कि इसी महीने के अंतिम दिन या फिर एक मई को परिणाम आ सकता है। शिक्षा मंडल ने कहा कि 30 अप्रैल तक परिणाम जारी करने का प्रयास जारी है।

इधर शिक्षा मंडल ने कहा कि 30 अप्रैल तक परिणाम जारी करने का प्रयास जारी है। हालांकि, यदि परिणाम में देरी होती है तो इसका सीधा असर प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे नीच और जेईई की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों पर पड़ सकता है। ध्यान रहे कि कक्षा 10वीं की वार्षिक परीक्षा 21 फरवरी 2026 से शुरू होकर और 13 मार्च 2026 तक पूरी हुई। वहीं कक्षा 12वीं की परीक्षा 20 फरवरी 2026 से शुरू होकर 18 मार्च 2026 को खत्म हुई। कक्षा दसवीं में 3,20,535 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। वहीं कक्षा 12वीं में 2,45,785 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। कुल मिलाकर करीब 5.66 लाख से ज्यादा छात्र-छात्राएं इस बार बोर्ड परीक्षाओं में शामिल हुए थे।

### 12वीं का हिंदी पेपर लीक

गौरतलब है कि 10वीं और 12वीं की जो परिक्षाएं हैं वो 20 फरवरी को शुरू हुई थी लेकिन 12वीं के हिंदी का पेपर था वो लीक हो गया था, जिसके चलते दूसरी बार हिंदी की परीक्षा करानी पड़ी। लेकिन अब बताया जा रहा है कि सभी उत्तर पुस्तकिताओं के मूल्यांकन की जांच कर ली गई है, अब जल्द ही परीक्षा परिणाम जारी किए जा सकते हैं।

### माशिमं पर दो बार परीक्षा लेने का दबाव

दरअसल, प्रदेश में पिछले शैक्षणिक सत्र से बोर्ड परीक्षाएं वर्ष में दो बार आयोजित किए जाने के निर्णय के बाद इस बार शिक्षा मंडल पर परिणाम जल्द जारी करने का दबाव साफ दिखाई दे रहा है। दूसरी बोर्ड परीक्षा जून में प्रस्तावित है, ऐसे में पहले चरण के नतीजे समय पर घोषित करना बेहद जरूरी हो गया है, ताकि विद्यार्थियों को अगली परीक्षा और आगे की पढ़ाई की तैयारी के लिए पर्याप्त समय मिल सके।

### रिजल्ट कहां और कैसे देखें

सीजीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट पर रोल नंबर दर्ज कर ऑनलाइन मार्कशीट डाउनलोड कर सकते हैं। कई बार एसएमएस सुविधा भी उपलब्ध रहती है।

तापमान
अधिकतम 44.4 डिग्री
न्यूनतम 26.2 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 27 अप्रैल 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया


गर्मी से राहत पाने के लिए लोग ले रहे पेड़ की छांव का सहारा।

## खबर संक्षेप

### मशाल रैली एवं शांति मार्च के लिए बैठक आज

**बिलासपुर।** यंग मोहम्मडन क्लब, सर्व ईसाई महासभा, मसीह समाज एवं सर्वदलीय समाज प्रतिनिधि मंडल की बैठक 27 अप्रैल को बराका टॉवर, राजीव गांधी चौक के पास शाम 6.30 बजे से आयोजित की जाएगी। इस दौरान सभी मुस्लिम समाज, मसीह समाज, एवं सर्वदलीय समाज के सम्मानित के लिए विशेष आदर और सम्मान धर्मस्वतंत्रता परिषद 2026 के विरोध स्वरूप प्रस्तावित मशाल रैली एवं शांति मार्च के लिए चर्चा होगी। बैठक का उद्देश्य समस्त समाज के प्रतिनिधियों के साथ विचार-विमर्श कर आगामी रणनीति एवं व्यापक सहभागिता सुनिश्चित करना है।

### कंपनी गार्डन के सामने डिवाइडर की बनावट बिगड़ी



**बिलासपुर।** नेहरू चौक से लेकर दर्रीघाट के बीच बनाई जा रही 32 करोड़ रूपए की लगात वाली सड़क पर कंपनी गार्डन के सामने बनाए गए रोड डिवाईडर की बनावट अच्छी नजर नहीं आ रही है। कंपनी गार्डन चौक पर गहराई कम खोदने के कारण डिवाईडर काफी ऊंचा बन गया है, जिसे बाद में सुधारा गया, लेकिन डिवाईडर की ऊंचाई को बैलेंस नहीं करने के कारण ऊपर-नीचे नजर आ रहा है।उक्त डिवाईडर आज तक सुधारा नहीं जा सका है, बल्कि जस का तस छोड़ दिया गया है। इसके विपरीत चौक से आगे सिम्स की ओर बढ़ते हुए बनाए गए डिवाईडर की ऊंचाई को छोटा कर दिया गया है। ऐसे में पहले बनाए गए डिवाईडर की ऊंचाई अधिक व आगे डिवाईडर की ऊंचाई छोटी होने के कारण यह एक समान नजर नहीं आ रहा है। एकरूपता नजर नहीं आने के कारण इसकी सुंदरता उतनी नहीं दिख रही है, जिनती होनी चाहिए।

### श्री सदगुरू कबीर प्रकट उत्सव 27 जून से

**बिलासपुर।** श्री सदगुरू कबीर प्रगट उत्सव का 2 दिवसीय कार्यक्रम 27 जून से प्रारंभ किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सदगुरू कबीर गुरू धर्मदास मंदिर जरहाभाठा में आयोजित किया जा रहा है। समाज के पूर्व अध्यक्ष मुन्ना दास मानिकपुरी और पंथ प्रचारक अमरूदास दिवान ने बताया कि 27 जून को गुरू महिमा पाठ सुबह 9 बजे सत्संग भजन का कार्यक्रम होगा। इसी तरह दूसरे दिन 28 जून को कबीर सत्संग भजन दोपहर 3 बजे से सात्विक यज्ञ चौका आरती होगी। इसके अलावा कबीर पंथ समाज का सामूहिक विवाह समारोह आमीनमाता महिला मंडल द्वारा किया जाएगा। सदगुरू भंडारा प्रतिदिन लगेगा। इसे सफल बनाने के लिए महंत लीलादास साहेब, रमेश्वर बुनकर, बहोरनदास, केदार महंत आवश्यक तैयारी में जुटे हैं। सामूहिक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए आयोजन समिति से संपर्क कर सकते हैं।

### लेखा प्रशिक्षण के लिए आवेदन 31 मई तक

**बिलासपुर।** प्राचार्य शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला द्वारा आगामी लेखा प्रशिक्षण सत्र जुलाई से अक्टूबर 2026 तक के लिए आवेदन आमंत्रित हैं। आवेदन पत्र 1 से 31 मई तक निर्धारित कार्यालयीन समय में शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला, न्यू कम्पोजिट बिल्डिंग तृतीय तल बिलासपुर में जमा किए जा सकेंगे। बिलासपुर संभाग के सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय कार्यालय प्रमुखों उनके विभाग एवं कार्यालय में पदस्थ वे लिपिक कर्मचारी, जिन्होंने तीन वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण कर ली हो तो आवेदन दे सकते है।

# पर्यावरण स्वीकृति नहीं मिली, फिर भी कर दिया कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट का टेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कछार में कंप्रेस्ड बायो गैस प्लांट की स्थापना बीपीसीएल द्वारा की जा रही है। इसके लिए कंपनी को नगर निगम द्वारा कछार क्षेत्र में 10 एकड़ जमीन दी गई है जिसके लिए कंपनी प्रतिवर्ष 27 लाख रुपए का किराया देगी। कंपनी को अभी तक पर्यावरण क्लीयरेंस नहीं मिल सकी है और काम शुरू भी कर दिया गया है। यही नहीं इनवायरोकेयर कंपनी का बायोमेडिकल वेस्ट प्लांट भी बगल में है। इनके जमीन निर्धारण का मुद्दा भी एनजीटी में पहले से लंबित है। इसकी परवाह किए बिना बीपीसीएल ने प्लांट काम शुरू कर दिया है। कंपनी ने इसके संचालन के लिए टेंडर भी जारी कर दिया है और निविदा मंगा ली गई है। निगम अधिकारियों की चुप्पी भी सवाल खड़े कर रही है।

गौरतलब है कि बिलासपुर में कंप्रेस्ड बायोगैस संयंत्र की स्थापना कछार में 10 एकड़ जमीन पर किया जा रहा है। यहां नगर निगम द्वारा पूर्व से ही आरडीएफ प्लांट स्थापित किया गया है। इस भूमि पर संयंत्र स्थापित किए जाने हेतु पूर्व में भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड / गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड और छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल डेवलपमेंट ऑथोरिटी (सीबीडीए) के अधिकारियों द्वारा टेंडर कर दिया गया है। इसके मुताबिक कंप्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) से प्रतिदिन 70 मीट्रिक टन का बायोगैस का उत्पादन होगा। इसके लिए प्रतिदिन 350 मीट्रिक टन नगरीय ठोस अपशिष्ट और लगभग 500 मीट्रिक टन अधिशेष बायोमास का उपयोग सीबीजी उत्पादन के लिए किया जाएगा।

अलग खबर

### निगम ने कछार क्षेत्र में 10 एकड़ जमीन दी है बीपीसीएल को

#### नगर निगम द्वारा पूर्व से ही आरडीएफ प्लांट स्थापित किया गया



### इनवायरोकेयर ने एनजीटी में अपील की

दूसरी ओर कछार में लगने वाले कंप्रेस्ड बायो गैस प्लांट की स्थापना के खिलाफ इनवायरोकेयर कंपनी ने एनजीटी में अपील की है। मामले की सुनवाई अब 21 मई को होनी है। इससे पहले 13 अप्रैल की सुनवाई में निगम की ओर से जवाब पेश किया गया। मामले में इनवायरोकेयर का कहना है कि बायोमेडिकल वेस्ट के डिस्पोजल के लिए निगम ने 45 हजार वर्गफुट भूमि कछार में आवंटित की है। कंपनी का कहना है कि बायोमेडिकल वेस्ट के निबटान के लिए बनाए गए नियम 1998 के अनुसार इंसीनरेटर के 500 मीटर के दायरे में दूसरा कोई प्लांट नहीं लगना चाहिए लेकिन नगर निगम ने बीपीसीएल को प्लांट लगाने की अनुमति दी है जो कि गलत है। इनवायरोकेयर के मुताबिक प्लांट में जमा होने वाले बायोमेडिकल वेस्ट से टीबी तथा अन्य रोगों के संक्रमण का खतरा रहता है। इसके बाद भी दूसरी कंपनी का बगल में प्लांट लगाना ठीक नहीं है।

### समतलीकरण किया जा रहा

कछार में कंप्रेस्ड बायो गैस प्लांट की स्थापना बीपीसीएल द्वारा की जा रही है। नगर निगम द्वारा कछार क्षेत्र में 10 एकड़ जमीन दी गई है जिसके लिए कंपनी प्रतिवर्ष 27 लाख रुपए का किराया देगी। बीपीसीएल द्वारा पर्यावरण क्लीयरेंस की प्रक्रिया की जा रही है। फिलहाल जमीन का समतलीकरण और फेंसिंग का काम किया जा रहा है।

**- खचांजी कुम्हार,** अपर आयुक्त

### प्रक्रिया जारी

योजना के तहत बिलासपुर नगर निगम प्रतिदिन 150 टन गीला कचरा बीपीसीएल को उपलब्ध कराएगा, जिससे प्रतिदिन 70 मीट्रिक टन बायो गैस का उत्पादन और इससे जैविक खेती को प्रोत्साहन मिलेगा। कंपनी ने जानकारी दी है कि पर्यावरण स्वीकृति की प्रक्रिया की जा रही है। बायोमेडिकल वेस्ट का डिस्पोजल भी जरूरी है। इनवायरोकेयर कंपनी से भी चर्चा की जाएगी।

**- प्रकाश कुमार सर्वे,** निगम आयुक्त

### 150 टन गीला कचरा देना होगा

योजना के तहत बिलासपुर नगर निगम प्रतिदिन 150 टन गीला कचरा बीपीसीएल को उपलब्ध कराएगा, जिससे प्रतिदिन 70 मीट्रिक टन बायो गैस का उत्पादन और इससे जैविक खेती को प्रोत्साहन मिलेगा। अधिकारियों के मुताबिक ग्रीन हाउस गैस के उत्सर्जन में कमी और पर्यावरण भी स्वच्छ होगा। इसके लिए गैस अथॉरिटी आफ इंडिया लिमिटेड (गेल) भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और छत्तीसगढ़ बायो फ्यूल विकास प्राधिकरण (सीबीडीए) के बीच मध्य त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर भी किया गया।

### यह है कम्प्रेस्ड बायो गैस

ज्ञात हो कि कम्प्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी), एनारोबिक सड़व की प्रक्रिया के माध्यम से अपशिष्ट जैसे कृषि अवशेष, मवेशी गोबर, गन्ना निचोड़ से प्राप्त अवशेष, नगरपालिका ठोस अपशिष्ट, सीवेज उपचार संयंत्र अपशिष्ट आदि से बनाई जाती है। शुद्धिकरण के बाद इसे संपीड़ित किया जाता है। इसे कम्प्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) कहा जाता है, जिसमें मीथेन की उच्च मात्र होती है। इसके अलावा, कन्प्रेस्ड बायो गैस उपलब्ध प्राकृतिक गैस के समान है जो सीएनजी के समान वैकल्पिक मोटर वाहन ईंधन को रूप में उपयोग किया जा सकता है।

### आने वाले दो तीन दिनों में 45 डिग्री पार हो सकता है पारा

# 10 साल का टूट सकता है गर्मी का रिकार्ड, पारा 44.4 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिस तरह से गर्मी बढ़ रही है, उससे आने वाले 2- 4 दिनों में रिकार्ड तोड़ गर्मी पड़ने की संभावना जताई जा रही है। रविवार को सीजन में पहली बार बिलासपुर का तापमान 44.4 डिग्री दर्ज किया गया है, 9 साल पहले 2017 में प्रचंड गर्मी के चलते पारा 45 डिग्री पर पहुंच गया था, वहीं साल 2016 में 44.7 डिग्री दर्ज किया गया था।

गर्मी के कारण पूरा संभाग झुलसने लगा है, हर रोज तापमान में बढ़ोत्तरी लोगों के लिए असहनीय होती जा रही है, रविवार को सूरज ने आसमान से आग बरसाना शुरू कर दिया और देखते ही देखते तापमान 44.4 डिग्री दर्ज किया गया, इस सीजन में यह पहली बार है जब तापमान 44.4 डिग्री दर्ज किया गया है। गर्मी के सितम देखते हुए लगा रहा है कि जल्द ही पारा 45 डिग्री पर जा पहुंचेगा।

मौसम विभाग गर्मी में सतर्क रहने की सलाह दे रहे हैं, लेकिन लोगों को कामकाज और शादियों के आयोजन के चलते घरों से बाहर जाना पड़ रहा है, हालांकि कई स्कूलों में गर्मी को देखते हुए छुट्टी की घोषणा कर दी गई है लेकिन अभी भी कुछ स्कूल सुबह ही पाली में लग रहे हैं, जिससे मासूमों को गर्मी और धूप झेलने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

### शाम को भी चल रही लू

अप्रैल में आमतौर पर तापमान 40.2 डिग्री के आसपास रहता है, लेकिन पिछले कुछ सालों से तापमान में बढ़ोत्तरी देखी जा रही है, यही कारण है कि औसत तापमान से तापमान 2 डिग्री अधिक ही दर्ज किया जा रहा है। वहीं न्यूनतम तापमान भी अन्य सालों की अपेक्षा बढ़ा हुआ है, रविवार को न्यूनतम तापमान 26.2 डिग्री दर्ज किया गया है, जिससे शाम के बाद भी लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिली, रात 8 बजे तक लू के थपेड़े चलते रहे।




गर्मी के चलते लोग घर से बाहर निकलने से परहेज कर रहे हैं जिसके चलते चौराहो पर सन्नाटा पसर रहा है।

### 10 सालों का रिकार्ड

| | |
|---|---|
| 17 अप्रैल 2016 | 44.7 डिग्री |
| 22 अप्रैल 2017 | 45.0 डिग्री |
| 27 अप्रैल 2018 | 43.0 डिग्री |
| 30 अप्रैल 2019 | 44.6 डिग्री |
| 18 अप्रैल 2020 | 41.4 डिग्री |
| 30 अप्रैल 2021 | 42.8 डिग्री |
| 29 अप्रैल 2022 | 44.6 डिग्री |
| 19 अप्रैल 2023 | 43.4 डिग्री |
| 19 अप्रैल 2024 | 42.4 डिग्री |
| 23 अप्रैल 2025 | 43.8 डिग्री |

## बिजली की आंखमिचौली जारी, रात में भी ट्रीपिंग की समस्या

गर्मी बढ़ते ही बिजली गुल की समस्या बढ़ चुकी है, शहरीय क्षेत्रों में जहां घंटे दो घंटे के लिए बिजली बंद हो रही है, वहीं ग्रामीण इलाकों का हाल बेहाल है। घंटों बिजली बंद से परेशान उपभोक्ता बिजली व्यवस्था को लेकर शिकायत पर शिकायत कर रहे है लेकिन ट्रीपिंग की समस्या से निजात नहीं मिल रही है।

ट्रांसफार्मर पर बिजली का लोड अधिक हो चुका है, घरों में कूलर और एसी चलने से कारण सीधा लोड ट्रांसफार्मर और फीडर पर पड़ने लगा है,जिसका असर यह है कि लगातार ट्रांसफार्मर फेल होने की शिकायत मिल रही है। खास बात यह है



कि ट्रांसफार्मर में ट्रीपिंग भी हो रही है, जिसके चलते बिजली की आंखमिचौली जारी है, कई बार यह रात के समय भी बंद हो रही है, ऐसे में दिन के साथ ही रात में भी परेशानी बढ़ी है, शहर के कुछ इलाकों में पिछले दो चार दिनों से लोग बिजली को लेकर रतजगा करने को मजबूर है। रविवार को भी सरजू बगीचा,सदर बाजार में बिजली की लूकाछिपी जारी रही, सुबह से शाम तक 4 से 5 बार बिजली आती व जाती रही। विद्या नगर, लिंक रोड में सुबह 6 से 8 बजे तक बिजली बंद रही, मेंटनेंस के कारण बंद की गई बिजली के चलते कई घरों में समय पर पानी नहीं पहुंच सका, जिससे पानी के लिए मारमारी रही। इसके साथ ही करबला, अशोक नगर, चांटीडीह, नेहरू नगर, मंगला जैसे इलाकों में बिजली बंद के कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।



# 5 डिग्री अधिक तापमान में तप रहे मालगाड़ी के गार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सामान्य से करीब पांच डिग्री अधिक तापमान मालगाड़ी के गार्ड केबिन का हो रहा है, जो दोपहर की भीषण गर्मी और तेज धूप के कारण आग की तरह तप रहे हैं। इसके अंदर बैठकर काम करना ट्रेन मैनेजर यानि गार्ड कर्मचारियों की मजबूरी हो गई है। एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन तक ट्रेन पहुंचाने में ही गार्ड मैनेजर की हालत खराब होने लगी है।

रेलवे के अनुसार नए ट्रेनों के साथ बन रहे नए इंजन एसी युक्त हैं, जिसमें चालकों और परिचालकों को काफी सुविधाएं भी मिल रही है। वहीं बिलासपुर डिवीजन और जोन से चलने वाली ट्रेनों के इंजन में अब तक न तो कूलर लगे हैं और न किसी तरह का एसी रेल प्रशासन की ओर से लगाया गया है। भीषण गर्मी और दोपहर की तेज धूप में इंजन गरम होने के कारण चालक, परिचालकों की हालत भी खराब हो रही है। इसी तरह का हाल मालगाड़ियों के गार्ड केबिन में काम करने वाले गार्ड यानि ट्रेन मैनेजरों का हो रहा है। दोपहर की भीषण गर्मी और तेज धूप की वजह से मालगाड़ी के लोहे के गार्ड केबिन के ऊपर और अगल बगल का हिस्सा इतना अधिक गरम हो जाता है कि उसमें हाथ रखना तो दूर बैठना भी मुश्किल होता है। मालगाड़ियां कहीं भी किसी भी जगह पर घंटों नियंत्रित कर दिया जाता है। ब्रेक यान में न तो पंखे की व्यवस्था है और न ही कूलर लगे हैं। वहीं प्रसाधन के लिए भी गार्ड केबिन में ड्यूटी करने वाले गाड यानि ट्रेन मैनेजर को ट्रेन के रूकने का इंतजार करना पड़ जाता है। भीषण गर्मी और विशेषकर दोपहर की तेज धूप की वजह से लोहे के गार्ड केबिन में गरम इतना अधिक रहता है कि बाहर के सामान्य तापमान से करीब पांच से 6 गुना अधिक में कर्मचारियों को ड्यूटी करनी पड़ती है। इसके कारण गार्ड यानि रेल कर्मचारियों की तबीयत हमेशा बिगड़ते रहती है। डिवीजन के कुछ इंजनों के अलावा मालगाड़ियों के ब्रेक यान बिना कूलर और एसी के चल रहे हैं। कर्मचारियों की समस्या को देखते हुए रेल प्रशासन से कई बार मांग भी की गई, लेकिन अब तक इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया है।

### माल लदान पर ध्यान

रेल कर्मचारियों के अनुसार मालगाड़ियों का परिचालन यात्री गाड़ियों की तुलना में काफी अधिक है। माल लदान का टारगेट पूरा करने के लिए तीन से चार मालगाड़ियों के वैगन जोड़कर 1 हजार से 1500 किलोमीटर से अधिक दूरी तक परिचालन किया जा रहा है, जिसमें कोयला सहित अन्य सामानों की लोडिंग व अनलोडिंग हो रही है। गार्ड ट्रेन का मुख्य हिस्सा होता है, जिसपर रनिंग से लेकर उसकी घटना व दुर्घटना की पूरी जिम्मेदारी भी होती है।

### सीट लकड़ी के पटिए की

जोनल महासचिव व्ही के तिवारी के अनुसार परंपरागत इंजन में लकड़ी के पटिए वाली सीटें लगी हैं, पैर हवा में लटके रहते हैं। यहां भारत सरकार ने खुले में शौच न करने की व्यापक मुहिम चलाई है। वहीं ड्यूटी के दौरान महिला लोको पायलट भी खुले में शौच करने मजबूर हैं।

### 10 हजार कैब में कूलर

राष्ट्रीय महामंत्री डी विश्वास का कहना है कि मालगाड़ियों के ब्रेक वैन की हालत काफी खराब है। नए मालगाड़ियों में कुछ सुविधा तो दी गई है, लेकिन पुराने में कर्मचारियों को काफी परेशानी हो रही है। अब करीब 10 हजार कैब में कूलर और अन्य व्यवस्थाएं करने का आदेश जारी किया गया है।

### एक सप्ताह के भीतर अस्तित्व में आ जाएगा सॉफ्टवेयर, किसानों का सारा डाटा रहेगा फीड

# सहकारी समितियों में खाद के वितरण पर रोक, 'ई-उर्वरक' सॉफ्टवेयर का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सहकारी समितियों में किसानों को खाद के वितरण पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। खाद के वितरण के लिए सरकार इस साल एक नया सॉफ्टवेयर लांच कर रही है, जिसमें सारे किसानों का डाटा फीड होगा। ई-उर्वरक नामक सॉफ्टवेयर के माध्यम से किसानों को खाद का वितरण उनके पास उपलब्ध जमीन के आधार पर किया जाएगा। सॉफ्टवेयर के प्रारंभ होने में लगभग एक सप्ताह का और समय लगने की बात कही जा रही है।

कुछ समय पहले तक किसानों को बुला-बुलाकर खाद का अग्रिम उठाव करने के लिए प्रेरित करने का सिलसिला अभी फिलहाल थम गया है। जिले की सहकारी समितियों में किसानों को रासायनिक खाद के वितरण पर रोक लगा दी गई




है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस साल सरकार द्वारा खाद का वितरण ई-उर्वरक नामक सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाएगा। ई-उर्वरक नामक सॉफ्टवेयर में सहकारी समितियों में पंजीकृत सारे किसानों की विस्तृत जानकारी पहले से दर्ज रहेगी। इस दौरान किसान द्वारा उर्वरक की मांग करते ही सबसे पहले सॉफ्टवेयर में दर्ज किसान की जमीन का ब्योरा देखा जाएगा। इसके अनुसार किसान के पास उपलब्ध एवं सॉफ्टवेयर में दर्ज भूमि के आधार पर उतनी मात्रा में ही किसानों को उर्वरक दिया जाना है।

अब तक केवल किसानों के कहने या मांग के आधार पर सहकारी समितियों द्वारा खाद मुहैया करा दी जाती थी, जिसका ज्यादातर किसानों द्वारा बेजा इस्तेमाल किया जाता था। पर्याप्त खाद होने के कारण या तो किसान अपने ही खेत में अधिकाधिक फसल की लालच में मनमाना खाद डालते थे, या फिर इसकी अधिक कीमतों में अन्य किसानों को बिक्री भी कर दी जाती थी। इस साल से ई-उर्वरक नामक सॉफ्टवेयर के माध्यम से लिमिट में खाद मिलने के कारण किसानों द्वारा खाद का सही इस्तेमाल किया जा सकेगा। सहकारी बैंक सूत्रों के अनुसार नया सॉफ्टवेयर एक सप्ताह के भीतर प्रारंभ किया जा सकता है। इसके आते ही किसानों को खाद वितरण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी।

### मायूस हो रहे किसान

अब तक आराम से बैठे किसानों ने अब खाद के लिए सहकारी समितियों का चक्कर लगाना शुरू कर दिया है। जबकि समितियों में फिलहाल खाद वितरण पर रोक होने के कारण किसानों को बिना खाद के मायूस होकर वापस लौटना पड़ रहा है। जिले में इस साल 146 सहकारी समितियों में खाद-बीज व केसीसी का वितरण किया जाना है, लेकिन यहां केसीसी व बीज के प्रकरण तो लिए जा रहे हैं, लेकिन खाद के लिए किसानों को फिलहाल निराश होना पड़ रहा है।

### लगाई गई है रोक

इस साल किसानों को ई-उर्वरक नामक सॉफ्टवेयर के माध्यम से खाद का वितरण किया जाना है। इसके अंतर्गत किसानों को उनके पास उपलब्ध जमीन के आधार पर ही रासायनिक खाद का वितरण किया जा सकेगा। सॉफ्टवेयर एक सप्ताह के भीतर प्रारंभ होने की संभावना है। तब तक के लिए सहकारी समितियों में किसानों को रासायनिक खाद के आबंटन पर रोक लगाई गई है।

**- प्रभात मिश्रा,** सीईओ
जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित

## खबर संक्षेप

### रात में संदिग्ध रूप से घूमने वाले 170 पर हुई कार्रवाई

**कोरबा।** जिला पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में रात में बिना कारण के घूमने वाले संदिग्ध लोगों के विरुद्ध पुलिस ने धारा 128 के तहत पिछले 15 दिन में कुल 170 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए है। पुलिस ने बताया कि रात्रि में होने वाले चोरी एवं अन्य संपत्ति संबंधी अपराधों पर नियंत्रण एवं संदिग्ध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए कार्यवाही की जा रही है। जिला पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि रात्रि में अनावश्यक रूप से बाहर न घूमें, आवश्यक होने पर अपने पहचान संबंधी दस्तावेज साथ रखें, पुलिस जांच के दौरान सहयोग करने की अपील की है। जिला पुलिस द्वारा रात्रि गश्त के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध इसी प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रखी जाएगी, ताकि जिले में कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा का वातावरण और अधिक मजबूत हो सके।

## निधन

### सुनील तिवारी



**बिलासपुर।** सीपत के ग्राम रामपुर के प्रतिष्ठित नागरिक स्व, वेद प्रसाद तिवारी के पुत्र सुनील तिवारी का 26 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 27 अप्रैल को सुबह 10 बजे गृह ग्राम स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अनिल तिवारी के बड़े भाई थे।

### सुरेश पोरेंडवार



**बिलासपुर।** रिंगरोड क्रमांक 2 शांति नगर निवासी सुरेश पोरेंडवार का 26 अप्रैल को निधन हो गया। वे 84 वर्ष के थे। जिनकी अंतिम यात्रा 27 अप्रैल को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से सरकंडा मुक्ति धाम के लिए निकाली जाएगी। वे प्रशांत कुमार पोरेंडवार के पिता थे।

### राजू सोमावार



**बिलासपुर।** सरकंडा, गुड़ीमाई मंदिर के पास रहने वाले राजू सोमावार का 26 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 27 अप्रैल सोमवार को दोपहर 2 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे मीना सोमावार के पति, संजय और आरती सोमावार के पिता व शेखर, प्रकाश, दीपक व गुप्तेश्वर सोमावार के भाई थे।

### मिंस मंजू पाल



**बिलासपुर।** तारबाहर गुरु घासीदास मंदिर निवासी स्वर्गीय सुरेंद्र पॉल की सुपुत्री मिस मंजू पॉल का रविवार सुबह निधन हो गया। ये 60 वर्ष की थीं। इनका अंतिम संस्कार 26 अप्रैल रविवार को शेफर कब्रिस्तान कुदुदंड में किया गया। वे पास्टर सुदेशपॉल , मुकेश पॉल और राकेश पॉल की सिस्टर थीं।

### डॉ.जी पी राय



**बिलासपुर।** 27 खोली निवासी पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी एवं मल्टी परपज स्कूल के पूर्व प्राचार्य डॉ जी पी राय का रविवार 26 अप्रैल को हरिद्वार में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार हरिद्वार में किया गया।

### सुनील कुमार सूर्यवंशी



**बिलापपुर ।** उसलापुर निवासी जिला आबकारी अधिकारी महासमुद्र सुनील कुमार सूर्यवंशी का 23 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे सूरज प्रसाद सूर्यवंशी के पुत्र और सुशील सूर्यवंशी, अग्नी सूर्यवंशी, दुर्गेश नंदिनी, ज्योति नंदिनी के भाई थे ।

### रामू भाई पटेल



**बिलासपुर।** खैरा डंगनिया निवासी रामू भाई पटेल का 26 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार डंगनिया स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे गोपाल प्रसाद पटेल के पुत्र एवं पवन, दीपक पटेल के भाई थे।

## ट्रेनों में भीड़ कम करने चलाई जा रही समर स्पेशल

# 30 फीसदी अधिक किराया और सफर पुराने कोच में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

### पेंट्रीकार की सुविधा नहीं

आईसीएफ कोच की समर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन एक, दो फेरे से लेकर सात फेरे के लिए किया जा रहा है। इन ट्रेनों में आरामदायक सफर करने के लिए यात्री अतिरिक्त राशि भी भुगतान कर रहे हैं। एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन की दूरी तय करने में यात्रियों को 24 से 48 घंटे का समय लग रहा है। यात्रियों को बीच सफर में खान पान की सुविधा देने के लिए किसी भी ट्रेन में पेंट्रीकार की सुविधा नहीं है।



गर्मी की छुट्टी शुरु होने के साथ ही ट्रेनों में भीड़ को कम करने के लिए समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। इसमें यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने के लिए नार्मल किराए से 30 फीसदी अधिक की राशि तो ली जा रही है, लेकिन उन्हें एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन तक का सफर पुराने आईसीएफ कोच से कराया जा रहा है, जिसमें यात्रियों को बैठने में भी परेशानी उठानी पड़ रही है।

रेल प्रशासन ने पुराने और नीचे कोच को कोरोना महामारी के बाद से धीरे-धीरे कर पूरी तरह से बंद कर दिया है। पुराने कोच को बंद करने का कारण उसकी जगह आधुनिक एलएचबी कोच को लाना था। आईसीएफ कोच दुर्घटना की स्थिति में एक दूसरे के ऊपर चढ़ जाते हैं, जिससे जानमाल का अधिक नुकसान होता है। इसके विपरीत एलएचबी कोच में एंटी टेलीस्कोपिक तकनीक होती है, यात्री एक्सीडेंट होने पर यह एक दूसरे पर नहीं चढ़ते हैं। आईसीएफ कोच की अधिकतम गति सीमा कम 110 से 120 किलोमीटर होती है, जबकि एलएचबी कोच 160 से 200 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चलते हैं। एलएचबी कोच में एयर स्प्रिंग सस्पेंशन होते हैं, जो पारंपरिक आईसीएफ कोच के मुकाबले बेहतर सवारी अनुभव और कम झटके देते हैं। यात्रियों की बेहतर सुरक्षा और हाईस्पीड ट्रेनों के लिए आईसीएफ कोच को बंद करने का काम किया गया है। वर्तमान में बंद किए गए सारे कोच कोचिंग डिपो और अन्य स्थानों पर रखे दिए गए थे, कितने कोच को कंडम घोषित करने के बाद उसे कबाड़ में भी बंच दिया गया है। अब रेलवे बोर्ड की घोषणा और आदेश के बाद पुराने कोच को वापस एक बार फिर पटरी पर लाया गया है। यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने के लिए एसईसीआर बिलासपुर जोन ने 88 ट्रिप के लिए 18 समर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन शुरु किया है, जिसमें यात्रियों को कंफर्म बर्थ की सुविधा मिल सकेगी। यात्रियों को कंफर्म बर्थ की सुविधा देने के लिए नार्मल ट्रेनों में लगने वाले किराए से अतिरिक्त 30 फीसदी की राशि भी ली जा रही है। यात्री रेलवे को किराया भी दे रहे हैं, लेकिन उन्हें एलएचबी कोच के स्थान पर आईसीएफ कोच में बैठकर मजबूरी में सफर करना पड़ रहा है।

**आईसीएफ से चल रही समर-** स्टेशन से जानकारी के अनुसार वर्तमान में पुराने और आईसीएफ कोच से दुर्ग-हरिद्वार, इतवारी-शालीमार, गोंदिया-रक्सौल, इतवारी-मालदा, दुर्ग-शालीमार, कोरबा-यलहंका, इतवारी-शालीमार समर, रायपुर-खड़गपुर, बिलासपुर-शालीमार स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। इन ट्रेनों के अलावा कुछ ट्रेन चलकर बंद भी हो चुकी है। यह सारी स्पेशल ट्रेन पुराने कोच से चलाई जा रही हैं।



## जन्मदिन पर महामाया के दरबार पहुंचे अटल

**रतनपुर।** कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने अपने जन्मदिन के अवसर पर धार्मिक नगरी रतनपुर पहुंचकर मां महामाया का दर्शन किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना कर माता का आशीर्वाद लिया एव प्रदेश की खुशहाली व समृद्धि की कामना की।

इस दौरान उन्होंने विधि-विधान से माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। विधायक के रतनपुर आगमन पर महामाया पार्किंग स्थल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। मंदिर पहुंचने के बाद कार्यकर्ताओं ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी और फूल-मालाओं से अभिनंदन किया। इस अवसर पर विधायक अटल श्रीवास्तव ने केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया। कार्यक्रम में प्रदेश प्रवक्ता अभय नारायण राय, प्रमोद नायक, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष कोटा आदित्य दीक्षित, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रतनपुर आनंद जायसवाल, रामगोपाल कहरा, ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष यासीन खान, महावीर साहू, संतोष साहू, संजय जायसवाल, पार्षद सुनील अग्रवाल, संतोष सोनी, शिवा पांडे, पार्षद रामफल श्रीवास, जीतेन्द्र चंदेल रामरतन भारद्वाज, कृष्णा डगरजी ,मिर्जा रफीक बेग मोहम्मद शाकिर सहित कोटा ब्लॉक के बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कन्या शाला में 9वीं, 11वीं के परीक्षा परिणाम घोषित

**तखतपुर।** शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय तखतपुर में कक्षा नवमीं एवं ग्यारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक संक्षिप्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं, अभिभावकों एवं शिक्षकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में प्राचार्य नरेन्द्र राजपूत ने छात्राओं को उनके परिणाम के लिए बधाई देते हुए कहा कि, परीक्षा परिणाम केवल अंक का मापदंड नहीं, बल्कि यह आगे बेहतर करने की प्रेरणा भी है। उन्होंने छात्राओं को निरंतर मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया। जितेंद्र शुक्ला ने परीक्षा प्रक्रिया की जानकारी दी और छात्राओं के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि, सभी छात्राओं ने मेहनत और लगन के साथ परीक्षा दी है, और जो छात्राएं अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं कर पाईं हैं, उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि आगे और बेहतर प्रयास करने चाहिए। छात्राओं को अंकित विश्वकर्मा, मीनाक्षी बनर्जी, मीनाक्षी शर्मा, दिब्या मिश्रा ने संबोधित किया। इस अवसर पर



रश्मि मिश्रा, कामिनी गुप्ता, जेडी कुजूर, मिनाज खान, अमोद एक्का, संदीप ध्रुव, अंकित विश्वकर्मा, स्वीटी सिंह, माहेश्वरी सिन्हा, मयंक यादव, पारुल यादव सहित अन्य उपस्थित रहे। कक्षा ग्यारहवीं कला में प्रथम श्वेता अनन्त, प्रार्थना महोबिया द्वितीय व अंजना मरकाम तृतीय स्थान पर रहीं। 11वीं विज्ञान में प्रथम अंजली लहरे, द्वितीय सोमी बंजारे व तृतीय स्थान तुलसी साहू को मिला। 11वीं वाणिज्य में प्रथम श्रेया केवट, द्वितीय लक्ष्मण बघेल व साधना सिंह तृतीय रहीं। इसी तरह नवमीं ए में प्रथम उमा, द्वितीय प्राची व तृतीय स्थान अन्नपूर्णा ने प्राप्त किया। नवमी बी में प्रथम साक्षी साहू, द्वितीय कल्पना, तनीषा व तृतीय स्थान पर मानसी सोनवानी रहीं।

## गुणवत्ताहीन लाइनिंग कार्य पर विभाग का सख्त एक्शन

**लोरमी।** भारत सागर जलाशय के मुख्य नहर में ठेकेदार द्वारा लाइनिंग कार्य में निम्न स्तर एवं गुणवत्ताविहीन प्राप्त होने विभागीय आदेश पर तत्काल एक्सीवेटर की मदद से तोड़ा गया। इससे ठेकेदार को लाखों का नुकसान तो हुआ ही है, साथ ही विभाग की ओर से नोटिस भी जारी की गई है। सीमेंट कंक्रीट के बने लगभग 150 मीटर स्लैब को बेरहमी से विभाग ने तोड़ दिया है, जिसके बाद ठेकेदारों में हड़कंप मच गया है।

■ 150 मीटर स्लैब को तोड़ा गया, ठेकेदार को नोटिस

शहर से सटा हुआ 5 किमलोमीटर दूर भारत सागर जलाशय, जिसकी मुख्य नहर के ग्राम पेंड्री तलाब एन के नीचे स्थित नहर लाइनिंग कार्य किसानों के लिए सुविधा विस्तार के उद्देश्य से किया जा रहा है। कार्य में गुणवत्ता का अभाव होने पर विभाग के टाइमकीपर एवं इंजीनियर टेक्नीकल एक्सपर्ट ने ठेकेदार को चेतावनी दी थी। इसके बाद भी कार्य में सुधार नहीं होने पर मंगलवार को अधिकारियों के निर्देशन पर सख्त कार्रवाई करते हुए नहर लाइनिंग कार्य 98 चैन से 190 चैन पर कार्रवाई की गई एवं 150 मी की लाइनिंग को एक्ससीवेटर की



मदद उखाड़ फेंका गया।

### हिदायत दी गई

कार्य गुणवत्तापूर्ण नहीं होने पर 150 मीटर लाइनिंग को एक्सीवेटर की मदद से उखाड़ा गया एवं ठेकेदार को नोटिस जारी कर नए निर्माण को लेकर हिदायत दी गई।

**-शंकर गेंदले,** एसडीओ



ज्ञापन देने पहुंचे कार्यकर्ता।

## कलेक्टोरेट में कर्मचारियों के साथ अभद्रता, शिकायत

**मुंगेली।** जनगणना पोर्टल में छत्तीसगढ़ी भाषा को शामिल किए जाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत करने हेतु 24 अप्रैल को कुछ व्यक्ति, जो स्वयं को जोहार पार्टी के कार्यकर्ता बता रहे थे, कलेक्टर कार्यालय पहुंचे।

इस दौरान कलेक्टर वेटिंग एरिया में उनके द्वारा कार्यालयीन स्टाफ के साथ अमर्यादित एवं अनुचित व्यवहार किया गया और बाहर कलेक्टोरेट परिसर में अनर्गल नारेबाजी की गई। घटना की सूचना सिटी कोतवाली थाने में दी गई है। कलेक्टर की ओर से प्रस्तुत आवेदन को ध्यानपूर्वक पढ़ने एवं नियमानुसार विचार करने की बात स्पष्ट रूप से कही गई थी। आवेदन को अस्वीकार करने अथवा फेंकने जैसी कोई घटना नहीं हुई है। कलेक्टर ने नारेबाजी की घटना को संज्ञान में लिया गया। एसडीएम अजय शतरंज, डिप्टी कलेक्टर मायानंद चंद्रा, तहसीलदार शेखर पटेल और एसडीओपी हरविंदर सिंह द्वारा संबंधित से बात की गई, ज्ञापन स्वीकार किया गया और आवश्यक समझाइश देकर वापस भेजा गया। उक्त घटना की की सूचना थाना कोतवाली को भी दी गई है। कक्ष के बाहर जाकर कुछ व्यक्तियों द्वारा भ्रामक एवं असत्य जानकारी प्रसारित की गई, जिससे अनावश्यक भ्रम की स्थिति उत्पन्न हुई। घटना के संबंध में कुछ सोशल मीडिया एवं अन्य मीडिया में प्रसारित जानकारी को निराधार बताते हुए प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि, इनका वास्तविक तथ्यों से कोई संबंध नहीं है। जिला प्रशासन सभी नागरिकों एवं संगठनों के सुझावों एवं आवेदनों का सम्मान करता है तथा उन्हें नियमानुसार विचारार्थ स्वीकार करता है। साथ ही, सभी से अपेक्षा की जाती है कि वे शासकीय कार्यों के दौरान मर्यादित एवं सहयोगात्मक व्यवहार बनाए रखें तथा अपुष्ट एवं भ्रामक सूचनाओं के प्रसार से बचें।



## चंडीगढ़ अधिवेशन में शामिल हुआ राजपूत समाज

**लोरमी।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा 1897 के द्वारा राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन चंडीगढ़ में किया गया, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों के राजा-महाराजा और रियासतों के मालिकों के साथ क्षत्रिय समाज के लिए सर्वोच्च कार्य करने वाले लोग शामिल हुए।

राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा मानवेंद्र सिंह कार्यकारी अध्यक्ष, ऋषिराज सिंह, महिला विंग राष्ट्रीय अध्यक्ष तोमर, युवा अध्यक्ष शिवेंद्र पाल टिक्का और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह जूदेव व विजय सिंह सोनगरा ने मां दुर्गा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयोजन में 24 राज्यों के प्रतिनिधि शामिल हुए, जिसमें छत्तीसगढ़ की ओर से संजय सिंह के साथ जितेंद्र सिंह, छत्रपाल सिंह ने प्रतिनिधित्व किया। अध्यक्ष संजय सिंह ने समाज के सेवा कार्यों को रखा, जिसे सभी राजा-महाराजाओं ने सराहा। अधिवेशन के राष्ट्रीय एजेंडा में रखा गया रक्तदान, बीमार पीड़ित के लिए स्वास्थ्य शिविर, गरीब छात्र-छात्राओं को शिक्षा में मदद करना, गरीब कन्याओं को विवाह में मदद, भारत सरकार यूजीसी कानून पर रोक के लिए पत्राचार और महाराणा प्रताप जयंती पर छुट्टी के लिए अवकाश आदि बिंदुओं पर कार्य करने के लिए प्रस्ताव पास किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ से जीतेन्द्र सिंह, छत्रपाल सिंह, किरण सिंह उपस्थित रहे।

## सूने मकान को चारों ने बनाया निशाना, लाखों का माल पार

**मड़वारानी।** एक परिवार शादी समारोह में शामिल होने के लिए पास के गांव में गए हुए थे। इस दौरान सूनेपन का फायदा उठाते हुए चोरों ने घर में रखे अलमारी को तोड़कर सोने चांदी की जेवराज सहित 80 हजार रुपए नगर सहित लाखों का माल पार कर दिया है। जब परिवार के सदस्य शादी से अपने घर लौटे तो उन्हें अपने घर का ताला टूटा मिला। जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरु कर दी है। उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छातापाठ निवासी ओम कुमार पटेल पिता पितम्बर पटेल ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने उसके सूने मकान में धावा बोलकर लाखों कीमती जेवरात सहित घरेलू सामानों की चोरी की वारदात हुई है। बताया जाता है कि शनिवार को परिवार के सभी सदस्य शादी समारोह में शामिल होने के लिए बाहर गए हुए थे।

## खूंटाघाट जलाशय से नहरों में छोड़ा गया पानी

### 107 गांवों के 211 तालाबों में भरा जाएगा पानी

**बेलतरा।** क्षेत्र में बढ़ती जल की आवश्यकता को देखते हुए जिला प्रशासन ने खूंटाघाट खारंग जलाशय से नहरों के माध्यम से गांवों के निस्तारी हेतु तालाब भरने व अन्य उपयोग हेतु महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। कलेक्टर के निर्देश पर जल संसाधन विभाग द्वारा शनिवार 25 अप्रैल सुबह 11 बजे से खारंग जलाशय के बाएं एवं दाएं तट की नहरों में पानी छोड़ा गया।

इस पहल से नहर किनारे बसे 107 गांवों के 211 तालाबों को भरने की योजना बनाई गई है। यह निर्णय जनप्रतिनिधियों की मांग और ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती पानी की समस्या को ध्यान में रखते हुए लिया



गया है। इससे आमजन को राहत मिलने की उम्मीद है। प्रशासन द्वारा ग्रामीणों से अपील की गई है कि, नहर के पानी का उपयोग केवल निस्तारी तालाबों को भरने के लिए ही करें। साथ ही जल संसाधन विभाग के मैदानी अमले को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि, वे अपने-अपने क्षेत्रों में तालाब भरवाना सुनिश्चित करें और किसी भी स्थिति में पानी का उपयोग अन्य कार्यों के लिए न होने दें। इस अवसर पर क्षेत्र की जनप्रतिनिधियों द्वारा खूंटाघाट जलाशय पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना के साथ बांध से पानी छोड़ा गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, सदस्य दामोदर कांत, सतकली बावरे, अंबिका साहू, कोटा जनपद अध्यक्ष सूरज साधेलाल, मस्तूरी के पूर्व जनपद सदस्य लक्ष्मी टंडन, कांग्रेस नेता अमृत राठौर, रमेश पटेल सहित जल संसाधन विभाग के एसडीओ विजय श्रीवास्तव, सब इंजीनियर राकेश सोनी एवं मस्तूरी क्षेत्र के पत्रकार संघ अध्यक्ष रघु यादव, सत्यजीत बावरे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। इस पहल से मस्तूरी क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में जल संकट को काफी हद तक कम करने की उम्मीद जताई जा रही है।

## जयरामनगर सहकारी समिति में रबी फसल की खरीदी शुरू

**मस्तूरी।** पीएम आशा योजना के तहत सेवा सहकारी सहकारी समिति जयरामनगर में रबी फसल 25-26 में उपार्जित चना मात्रा 5.50 क्विंटल की खरीदी कर बोहनी की गई। शुक्रवार को ग्राम रिसदा के प्रतिष्ठित कृषक क्षत्रपाल सिंह ने रबि फसल में लिए चना की फसल में से 550 क्विंटल चना शासन द्वारा निर्धारित दर पर सेवा सहकारी समिति जयरामनगर में बेचकर संस्था में बोहनी कराई। जिपं सदस्य दामोदर कांत ने पूजा-पाठ कर रबी फसल की खरीदी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि लक्ष्मी टंडन, अमृत राठौर, रमेश पटेल, सहायक नोडल अधिकारी चंद्रप्रभा मनहर, आरईओ शैलेन्द्र डहरिया, संस्था प्रबंधक संतोष आनंद, ऑपरेटर वीरेन्द टंडन, सुमित सुमन व किसान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। गौरतलब हो कि, रबि फसल के लिए शासन ने जो प्रति क्विंटल दर निर्धारित की है, उसमें उसमे चना 5 हजार 875 रुपए, मसूर 7 हजार रुपए एवं सरसो 6 हजार 200 रुपए क्विंटल के हिसाब से खरीदी की जानी है। ब्लॉक के विभिन्न गांवों के 78 किसानों ने चना, मसूर के लिए 32 किसान एवं सरसो बेचने के लिए 34 किसानों ने अपना पंजीयन करवाया है।



## कलयुग में भागवत कथा ही भवसागर पार करने का एकमात्र मार्ग: पं तिवारी

**गौरेला।** गौरेला के मढ़ना मोक्ष प्रदायिनी श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आचार्य पंडित कमलेश कृष्ण तिवारी के मुखारविंद से कथा श्रवण करने का सौभाग्य श्रद्धालुओं को मिल रहा है। कथा के दौरान पंडित तिवारी ने कहा, कलयुग में नाम संकीर्तन एवं भागवत कथा ही एक भवसागर पार करने का एकमात्र मार्ग है। इसके मार्ग पर चल कर ही हम सभी को अपने जीवन को कृतार्थ करना चाहिए। उन्होंने कहा, भागवत कथाओं से श्रद्धा और विश्वास पैदा होता है, वहीं सूक्ष्म अध्ययन से योग का ज्ञान होता है। इससे व्यक्ति का चरित्र ऊंचा होता जाता है, वह एक सकारात्मक सोच वाला व्यक्ति बन जाता है, जिससे उसके द्वारा स्वस्थ समाज का निर्माण होता है। पंडित



कमलेश कृष्ण तिवारी बताते हैं कि, भागवत ज्ञान दीक्षा सर्वप्रथम नारायण ने ब्रह्माजी को दी एवं ब्रह्माजी ने नारद को, नारद ने भगवान वेदव्यास को, वेदव्यास ने भगवान सुकदेव को एवं सुकदेव ने यह ज्ञान राजा परीक्षित को दिया। गौरेला के मढ़ना डिपो स्थित अपने निवास पर कैलाश कुक्कू साठे एवं उनके परिवार के द्वारा इस श्रीमद भागवत कथा का आयोजन विश्व कल्याण एवं परिवार के सुख समृद्धि की कामना के लिए किया जा रहा है।

**न्यायालय तहसीलदार मुंगेली, जिला- मुंगेली ( छ0ग0 )**

// ईश्तहार //

ई-कोर्ट नं0- 02606250600009/ 2025-26

ग्राम- संगवाकापा, प0ह0नं0- 22

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम संगवाकापा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक झालिन पिता सिरातू +1 अन्य, जाति गोंड़, निवासी ग्राम-संगवाकापा द्वारा भू0रा0सं0 1959 की धारा 165 के तहत ग्राम संगवाकापा प0ह0नं0-22 स्थित भूमि खसरा नं0 296/4, 402/3 रकबा 0.25, 0.85 एकड़ भूमि को गैर आदिवासी के पास बिक्री करने की अनुमति दिये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत की है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त प्रकरण के संबंध में किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 08/05/2006 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से दिनांक 20/4/2026 को जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**मुंगेली**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सिरगिट्टी तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.**

**सूचना**

क्रमांक.../.....सीमांकन/रा.नि./2025
दिनाक 29/01/2026

आवेदक. तामेश्वरी चौहान आवेदक के बताये अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी
1. पवन साहू 2. रामजी यादव 3. रमेश साहू 4. अन्य सर्व संबंधित
विषय सीमांकन के संबंध में।
संदर्भः न्यायालय तहसीलदार / अति. तहसीलदार/ ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्र. तह. / अति. तह. / ना.तह. /वा../ 2025 बिलासपुर दिनांक 22/12/25

ग्राम सिरगिट्टी प.ह.नं. 41. रा.नि.म. सिरगिटटी तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 524/9 रकबा 0.0320 हे. के सीमांकन हेतु आवेदिका तामेश्वरी चौहान पिता स्व. चुकुतराम निवासी तारबहार जिला बिलासपुर के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार / / अति. तह. / ना. तह. बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 28/04/26 को समय 10 से 5 बजे किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवे एवं उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**तहसील व जिला बिलासपुर**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

बिलासपुर, सोमवार 27 अप्रैल 2026

# हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



कार्यक्रम

## एक्यूप्रेशर चिकित्सकों का शांभवी फाउंडेशन ने किया सम्मान



**बिलासपुर।** रामलीला भवन तोरवा में रविवार को जय भगवान एक्यूप्रेशर चिकित्सा सेवा समिति के एक्यूप्रेशर चिकित्सकों के द्वारा निःस्वार्थ भाव से दी जा रही सेवाओं के लिए शांभवी फाउंडेशन के सदस्य हरीश केडिया, विद्या केडिया एवं शिल्पी केडिया द्वारा प्रशंसा पत्र प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया और उनका उत्साह वर्धन किया। आई के पारवानी, संतोष पाठक, प्रणव बंद्योपाध्याय,डॉ एल एम श्रीवास्तव,डी पी पांडे, पियाली चटर्जी,बीनू झा, यशोधरा, सविता तांती, अनूप कुमार तांती सहित अन्य लोग शामिल थे।

शिविर

## पॉजिटिव थिंकिंग क्लास में मंजू दीदी ने कहा–स्वयं को भगवान की दृष्टि से देखें

**बिलासपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के शिव अनुराग भवन राजकिशोर नगर में 'चल रहे सकारात्मक चिंतन की क्लास को सम्बोधित करते ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी ने आत्मिक जागृति पर जोर देते हुए कहा कि यह दुनिया अक्सर हमें हमारे शरीर, रंग-रूप या सीमाओं के आधार पर लेबल देती है, जिससे व्यक्ति का आत्म-सम्मान कम हो जाता है।



उन्होंने साझा किया कि परमात्मा हमें बाहरी रूप से नहीं बल्कि हमारी आंतरिक सच्चाई, पवित्रता और गुणों के आधार पर देखते हैं। दीदी ने कहा,मैं परमात्मा की अनमोल संतान हूँ, एक अनमोल हीरा हूँ; जब हम स्वयं को उनकी दृष्टि से देखना शुरू करते हैं, तो दुनिया के अपमानजनक शब्दों का प्रभाव समाप्त हो जाता है। सकारात्मक संकल्प दीदी ने प्रतिदिन 21 बार यह संकल्प दोहराने का होमवर्क दिया मैं एक शुद्ध, पवित्र और शक्तिशाली आत्मा हूँ। मैं स्वयं का सम्मान करती हूँ और दूसरों की राय से स्वतंत्र हूँ। हर रात ऐसी तीन अच्छी बातें लिखने की सलाह दी गई जो आपने दिनभर में की हों, ताकि आत्म-सम्मान बढ़ सके। स्वास्थ्य और ज्ञान: उन्होंने स्पष्ट किया कि योग से हेल्थ मिलती है और ज्ञान से वेल्थ प्राप्त होती है। सहनशीलता और मधुरता: महान बनने के लिए सहनशीलता, मधुरता और नम्रता के गुणों को धारण करने की प्रेरणा दी गई।

सुविधा

## हाईटेक बस स्टैंड तिफरा में शिशु देखरेख कक्ष का निर्माण



**बिलासपुर।** रोटरी क्लब ऑफ़ बिलासपुर ने हाईटेक बस स्टैंड तिफरा में नई माताओं को स्तनपान के लिए जगह उपलब्ध कराने शिशु देखरेख कक्ष का निर्माण किया। इसका उद्घाटन मेयर पूजा विधानी एवं प्रकाश कुमार सर्वे कमिश्नर नगर निगम ने किया। महापौर विधानी ने रोटरी क्लब द्वारा किए गए इस अनुकरणीय कार्य की प्रशंसा की। कमिश्नर श्री सर्वे ने रोटरी के समाज सेवा के कार्यों एवं इस प्रोजेक्ट की सोच के लिए क्लब की प्रशंसा की। रोटरी क्लब अध्यक्ष शैलजा शुक्ला ने अपने कार्यकाल में किए गए विभिन्न समाज सेवा के कार्यों की जानकारी दी एवं भविष्य में भी निरंतर समाज सेवा का आश्वासन दिया। वर्तमान में भीषण गर्मी को देखते हुए क्लब ने ओआरएस घोल के वितरण की शुरुआत भी हाईटेक बस स्टैंड में मेयर के हाथों से किया। क्लब की सचिव कृतिका मोदी ने जानकारी दी कि क्लब द्वारा ओआरएस घोल के वितरण का कार्यक्रम आगामी एक महीने तक शहर के विभिन्न स्थानों में लगातार किया जाएगा।

# श्याम मंदिर में सोमनाथ ज्योतिर्लिंग दर्शन, रूद्र पूजा व सत्संग

आर्ट ऑफ लिविंग बिलासपुर परिवार एवं वैदिक धर्म संस्थान के तत्वावधान में रविवार को खाटू श्याम मंदिर परिसर में सोमनाथ ज्योतिर्लिंग दर्शन, रूद्र पूजा एवं महासत्संग का आयोजन किया गया। इस दिव्य आध्यात्मिक आयोजन में 1000 से अधिक वर्षों से प्राचीन मूल सोमनाथ ज्योतिर्लिंग की वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा, अभिषेक किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने इसका दर्शन लाभ लिया।





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कार्यक्रम का शुभारंभ ऊं नमः शिवाय के सामूहिक उच्चारण एवं भक्ति गीत- गणपति मोरया गणेश हो, मंगल मूर्ति मोरया गणेश हो..की प्रस्तुति के साथ किया गया। इसके बाद ज्योतिर्लिंग लेकर शहर पहुंचे स्वामीजी ने बताया कि इस पावन आयोजन की प्रेरणा श्री श्री रविशंकर महराज के आशीर्वाद से मिली है।

परंपरा के अनुसार यह पवित्र शिवलिंग कुछ अग्निहोत्री ब्राह्मणों द्वारा सुरक्षित रखा गया और कांची कामकोटि पीठ के शंकराचार्य के आदेशानुसार यह दिव्य शिवलिंग श्रीश्री रविशंकर महराज को सौंपा गया। इसके बाद उनके मार्गदर्शन में देश भर में इस पवित्र शिवलिंग के दर्शन हेतु आध्यात्मिक यात्राओं एवं आयोजनों की श्रृंखला प्रारंभ की गई है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों में भी भ्रमण किया जा रहा है। अभी तक जगदलपुर, अंबिकापुर, कोरबा, रायपुर, जांजगीर-चांपा सहित अन्य शहरों से होते हुए बिलासपुर पहुंचे हैं और ज्योतिर्लिंग दर्शन का लाभ आज बिलासपुर के श्रद्धालुओं को प्राप्त हो रहा है। इसके बाद उन्होंने अपने साथ आए पण्डितों की टीम के साथ वैदिक मंत्रोच्चार से रुद्राभिषेक कराया। इससे पूरा माहौल आध्यात्ममय बना रहा।

### शिवलिंग की रहस्यमयी कथा

मान्यता के अनुसार सन 1026 में आक्रमण के दौरान सोमनाथ मंदिर के शिवलिंग को खंडित कर दिया गया था। उस समय कुछ अग्निहोत्री ब्राह्मणों ने श्रद्धा और साहस के साथ उसके पवित्र अंशों को सुरक्षित कर दक्षिण भारत में संरक्षित किया। लगभग 1000 वर्षों तक यह दिव्य धरोहर गुरु-शिष्य परंपरा में गुप्त रूप से पूजित होती रही। सन 1924 में कांची शंकराचार्य द्वारा निर्देश दिया गया कि समय आने पर इसे पुनः जनसामान्य के समक्ष लाया जाएगा। साथ ही इस पवित्र अंशों को दक्षिण के उस संत को सौंप देना, जिसके नाम में 'शंकर' होगा और वही इसका पुनः मार्ग प्रशस्त करेंगे।

### दर्शन करने उमड़ी भीड़

सोमनाथ ज्योतिर्लिंग का दर्शन करने श्रद्धालु शिव भक्ति उमड़ पड़े। आध्यात्मिक माहौल के बीच रूद्र पूजा व अभिषेक होने के बाद श्रद्धालुओं ने क्रमबद्ध होकर ज्योतिर्लिंग दर्शन का लाभ उठाया एवं इस दिव्य अनुभव का हिस्सा बने।

इस अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग की शिक्षा समन्वयक रूपा सिंह, तेजपाल सिंह अरोरा, सुशीला पवार, माधवी, राजकुमार अग्रवाल, संदीप वजे, मनोज शर्मा, रमेश सिंह पवार सहित आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के सदस्य एवं श्रद्धालु उपस्थित थे।

### वर्ष 24 में सौंपा गया रविशंकर महराज को

भविष्यवाणी के अनुसार 15 जनवरी 2024 को यह पवित्र शिवलिंग 'श्रीश्री रविशंकर महराज' को सौंप दिया गया। यदि इस चमत्कारी शिवलिंग के संबंध में कहा जाए तो जिस पदार्थ से यह निर्मित है, वैज्ञानिकों का ऐसा मानना है कि ऐसा पदार्थ पृथ्वी पर नहीं पाया जाता है। यह किसी दूसरी दुनिया (अंतरिक्ष) से आया हुआ प्रतीत होता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार यह कहा जाता है कि पूर्व में यह शिवलिंग मंदिर के अंदर धरातल से 2-3 फीट ऊपर हवा में तैरता था। ज्योलॉजिकल शोध एवं इस शिवलिंग की जांच से यह पता चला है कि इसमें लोहे की मात्रा बहुत ही कम है तथा इसकी चुम्बकीय शक्ति इसके बिल्कुल मध्य में है, जो इसे और भी अधिक रहस्यमयी बनाता है।

## ऐतिहासिक नगरी मल्हार में मिला 2 हजार वर्ष पुराना ताम्रपत्र





**बिलासपुर।** ज्ञान भारतम अभियान के तहत ऐतिहासिक नगर मल्हार में एक महत्वपूर्ण खोज सामने आई है। यहाँ रहने वाले संजीव पाण्डेय के निवास पर 3 किलोग्राम से अधिक वजन का एक दुर्लभ ताम्रपत्र प्राप्त हुआ है, जिस पर लगभग 2 हजार वर्ष पुरानी ब्राह्मी लिपि तथा पाली भाषा में लेख उत्कीर्ण हैं। यह ताम्रपत्र ऐतिहासिक और पुरातात्विक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। ब्राह्मी लिपि भारत की प्राचीनतम लिपियों में से एक है, जिसका उपयोग मौर्य काल से प्रारंभ होकर कई शताब्दियों तक होता रहा। वहीं पाली भाषा का संबंध मुख्यतः बौद्ध धर्म के साहित्य और शिक्षाओं से जुड़ा रहा है, जिससे इस खोज का धार्मिक महत्व भी बढ़ जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, प्राचीन समय में ऐसे ताम्रपत्रों का उपयोग भूमि दान, राजकीय आदेश या धार्मिक घोषणाओं के आधिकारिक दस्तावेज के रूप में किया जाता था। इस ताम्रपत्र का वैज्ञानिक परीक्षण एवं विस्तृत अध्ययन किए जाने पर उस काल की सामाजिक संरचना, प्रशासनिक व्यवस्था और धार्मिक परंपराओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हो सकती है। ज्ञान भारतम अभियान के तहत यह खोज न केवल मल्हार क्षेत्र की समृद्ध ऐतिहासिक विरासत को उजागर करती है, बल्कि शोधकर्ताओं, इतिहासकारों और पुरातत्वविदों के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध हो सकती है। संस्कृति मंत्रालय द्वारा ज्ञान भारतम अभियान के तहत देश की प्राचीन और दुर्लभ पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। संस्कृति मंत्रालय के मार्गदर्शन में यह पहल गांव-गांव तक पहुंच रही है, जहां ग्राम सभाओं के माध्यम से लोगों को अपनी पुरानी पांडुलिपियों को सुरक्षित रखने और उन्हें सामने लाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

- **ज्ञान भारतम अभियान के तहत जिले में मिल रही कई ऐतिहासिक पांडुलिपि और धरोहर**

### डिजिटलीकरण किया जा रहा

इस अभियान का उद्देश्य भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा, साहित्य, विज्ञान, चिकित्सा और दर्शन से जुड़े अमूल्य दस्तावेजों का दस्तावेजीकरण और संरक्षण करना है। विशेषज्ञों द्वारा पांडुलिपियों की पहचान कर उनका डिजिटलीकरण किया जा रहा है, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए इस विरासत को सुरक्षित रखा जा सके। यह अभियान न केवल सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि देश की ऐतिहासिक और बौद्धिक संपदा को पुनर्जीवित करने का भी एक सशक्त प्रयास है।

सोलापुरी माता पूजा उत्सव

## महाप्रसाद, आरती व लकी ड्रॉ निकला

**बिलासपुर।** बंगला यार्ड स्टेशन रोड स्थित श्री श्री श्री सोलापुरी माता पूजा सेवा समिति द्वारा आयोजित सोलापुरी माता पूजा उत्सव का दूसरा दिन रविवार को श्रद्धा एवं भक्ति के साथ संपन्न हुआ। माता मरिअम्मन दक्षिण भारत की प्रमुख ग्रामदेवी मानी जाती हैं। उन्हें पिडारी, करुमरिअम्मन, रेनुका देवी, द्रौपदी आदि नामों से भी पूजा जाता है। उन्हें गाँवों की रक्षक देवी माना जाता है, जो अपने भक्तों को संकटों और बीमारियों से बचाती हैं। कर्नाटक में वे मारिकाम्बे और महाराष्ट्र में मारी आई व लक्ष्मी आई के नाम से जानी जाती हैं। खड़गपुर से आए पंडित पार्थ सारथी एवं उनके सहयोगी हरि, भानु, सोमेश, अनिल और ऋषि के द्वारा गीली हल्दी से माँ का स्वरूप बनाया गया। पंडित एवं बाल पुजारियों द्वारा पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर पूजा-अर्चना के पश्चात रात्रि 9 बजे माता की भव्य आरती आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व महापौर रामशरण यादव एवं शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुधांशु मिश्रा रहे। मुख्य अतिथियों ने माता रानी की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने समिति के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में एकता, भाईचारा और संस्कृति को बढ़ावा देते हैं। लकी ड्रॉ का आयोजन किया गया, जिसे खड़गपुर से आए पंडित पार्थ सारथी द्वारा प्रारंभ कराया गया।



## अकाल पुरख फौज के जिला अध्यक्ष बने बलजीत सिंह गंभीर

**बिलासपुर।** अकाल पुरख की फौज की प्रदेश स्तरीय मीटिंग रखी गई और प्रदेश कार्यसमिति और जिला स्तर पर संगठन की घोषणा की गई। जिसमें विशेष तौर से अमृतसर से आए सरदार ज्ञानी केवल सिंह, अकाल पुरख की फौज के फाउंडर सरदार जसविंदर सिंह एवं बलविंदर सिंह जौरासिंग उपस्थित रहे। जिन्होंने प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह दत्ता समूह सात संगत की सहमति से नियुक्ति की है और जिला स्तर पर भी संगठनअध्यक्ष निर्वाचित किए गए। जिसमें बिलासपुर जिला से सरदार बलजीत सिंह गंभीर को बनाया गया है, कीर्तन, समागम जैसा सफल आयोजन भी उनके अध्यक्ष रहते हुआ। गुरुद्वारा कमेटी रायपुर के पूर्व अध्यक्ष सरदार सुरेंद्र सिंह छाबड़ा एवं अध्यक्ष सरदार इंदरजीत सिंह छाबड़ा, सरदार राजेंद्र सिंह चावला, अमरजीत सिंह दुआ, प्रीतपाल सिंह गंभीर, जसवीर सिंह गांधी, कमलदीप सिंह अरोरा, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह छाबड़ा, पूर्व विधायक कुलदीप सिंह जुनेजा, गुरमुख सिंह होरा, राजा होरा, कुलदीप सिंह भामरा, कांग्रेस महासचिव मलकीत सिंह गेंदू, जगजीत सिंह खनूजा, विशु अजमानी, सतदीप सिंह लवी, होरा सिंटू होरा, नैवी गंभीर उपस्थित रहे।



## मसीह ब्रिगेड विश्रामपुर की टीम रही विजेता

स्पोर्ट्स न्यूज

क्रिश्चियन वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय फ्लड लाइट्स क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष डॉ पूजा मक्कड़, कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ डी लॉज विशिष्ट अतिथि के रूप में आलोक चन्द्र ऋषि रहे।





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

उद्घाटन मैच क्रिश्चियन क्लब मुंगेली और मसीह ब्रिगेड विश्रामपुर के मध्य खेला गया, जिसमें मसीह ब्रिगेड विश्रामपुर विजेता रही। दूसरे मैच में रायपुर की टीम नही पहुँच पाने के कारण वॉकओवर पाकर क्रिश्चियन वेलफेयर सोसाइटी को वॉकओवर मिला, तीसरा मैच क्रिश्चियन वेलफेयर सोसाइटी और मसीह ब्रिगेड विश्रामपुर के मध्य खेला गया, जिसमें क्रिश्चियन वेलफेयर सोसायटी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की।

मैच ऑफ दी मैच शिखर सामुएल रहे, उन्होंने ओपनर के तौर पर सैतीस रन बनाकर दो विकेट चटकाए। राज अभिषेक पांडेय, अजय देवॉगन, सुनील जॉगडे, निरंजन क्षत्रिय, हरविंदर हूरा, कृष्ण कुमार साहू, प्रीतम कश्यप, जाकिर जायसी, नरेन्द्र रात्रे, साहिल खान, बबलू गुप्ता, टेकचंद कारडा, विनोद तोलानी, दिलिप तोलानी, नजरू जिदरान, मुन्ना,पूजा गुप्ता, लवली हूरा, क्रिश्चियन समुदाय से समित सामुएल, नित्यारथना रॉय, ऑवेश जॉन, अमित स्कॉट, आशीष पॉल, संकेत सामुएल, नीरज मसीह, अजय लूथर, संजीत नथानिएल, मनीष प्रसाद, पुष्प राज साधू, आशीष नाथ, आशीष बहादुर मौजूद थे।

## मास्टर वर्ल्ड फिनस्वीमिंग में आरव और ओज ने जीता पदक

थाईलैंड में आयोजित मास्टर वर्ल्ड फिनस्वीमिंग में शहर के आरव शर्मा और ओज चंद्राकर ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पदक प्राप्त किया है, जिसका बिलासपुर वापसी के दौरान भव्य स्वागत किया गया। मास्टर वर्ल्ड फिन स्वीमिंग चैम्पियनशिप का आयोजन 17 से 19 अप्रैल तक थाईलैंड में आयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता में विदेश के अन्य देशों के अलावा भारत के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। अंडरवाटर स्पोर्टस फेडरेशन आफ इंडिया टीम में छत्तीसगढ़ प्रदेश के दो नेशनल तैराक आरव शर्मा और ओज का चयन पूर्व में प्रदर्शन के आधार पर किया गया। टीम की ओर से देश का प्रतिनिधित्व करते हुए





आरव शर्मा ने 50 मीटर बिफिनिस में गोल्ड और 100 मीटर बिफिनिस में गोल्ड मैडल प्राप्त किया। इसके अलावा ओज चंद्राकर ने 50 मीटर सरफेस स्वीमिंग में गोल्ड और 50 मीटर एपेनिया में गोल्ड मैडल प्राप्त किया। टीम के कोच हेमंत परिहार थे। थाईलैंड में मैडल प्राप्त करने के उपरांत शहर वापसी के दौरान रेलवे स्टेशन में दोनों खिलाड़ियो और कोच का भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ फिनस्वीमिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय गुप्ता, ज्वाइंट सेक्रेट्री खिलेश्वर चंद्राकर, हनु नाग, नंदा साहू, आनंद चंद्राकर, महासचिव तामेश्वर घनघोरिया, शंकर पांडे, संतोष पाल, चिंतामणि परिहार, बसंत एक्का, अरूण धारा, जितेन्द्र नायडू, सुबीर मांझी, रमा सिंह परिहार, सुनीता शर्मा, मनीष मालेरिया, गीता नायडू, लता, अनुष्का भगत सहित खिलाड़ी मौजूद थे।

## रॉयल विस्फोटक बिलासपुर ने जीता कबड्डी का खिताब

छत्तीसगढ़ कबड्डी प्रीमियर लीग पुरुष वर्ग सीजन 11 वां संस्करण का आयोजन बस स्टैंड खेल मैदान पथरिया मे किया गया, जिसका खिताब रॉयल विस्फोटक बिलासपुर ने हरिकेन पैशन मुंगेली को रोमांचक मुकाबले 6 अंको से हराकर जीता। कबड्डी प्रीमियर लीग के चेयरमैन हेमंत यादव ने बताया की आयोजन अमैचर कबड्डी संघ मुंगेली व जिला कबड्डी संघ व नगर कबड्डी संघ बिलासपुर की मेजबानी में किया गया। प्रतियोगिता बस स्टैंड खेल मैदान पथरिया जिला मुंगेली मे शाम 5 से रात 10 बजे तक आयोजित हुई। प्रतियोगिता मे 8 टीमों के मध्य लीग कम नाक आउट से मैच



खेला गया। उदंति टाइगर गरियाबंद अपने सभी मैच जीतकर टेबल टॉपर रही। गोंडवाना फाइटर पथरिया दूसरे स्थान पर, हरिकेन पैशन मुंगेली तीसरे और रॉयल विषफोटक बिलासपुर चौथे स्थान पर थी। प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल उदंति टाइगर गरियाबंद विरुद्ध रॉयल विषफोटक बिलासपुर के मध्य खेला गया, जिसमे बिलासपुर ने गरियाबंद को 36-32 के मुकाबले 4 अंको से हराकर फाइनल मे प्रवेश किया।

इस अवसर पर केन्द्रीय शहरी राज्यमंत्री तोखन साहू, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, जिला कबड्डी संघ मुंगेली के कोमल मरावी, खेमसिंह राजपूत, अशोक यादव, हेम कल्याण, रामेश्वर वर्मा, समस्त पदाधिकारी व जिला कबड्डी संघ व नगर कबड्डी संघ बिलासपुर के जिला कबड्डी संघ अध्यक्ष जीवन मिश्रा, प्रदीप यादव, रामकुमार टंडन, ओमकार जायसवाल, महेन्द्र पटेल, आशीष मिश्रा व बड़ी संख्या में खिलाड़ी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### गाली देने से मना करने पर युवक का सिर फोड़ा

**बिलासपुर।** गाली देने से मना करने पर युवकों ने गुण्डागर्दी करते हुए एक अन्य युवक के साथ मारपीट कर उसका सिर फोड़ दिया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तोरवा पुलिस के अनुसार, देवरीखुर्द निवासी प्रदीप रजक पिता कार्तिकराम रजक के घर 24 अप्रैल को छुट्ठी का कार्यक्रम चल रहा था। रात में मेहमान भोजन कर रहे थे। इसी दौरान मोहल्ले के बबलू यादव, सरवन एवं अन्य लोग गाली गलौज कर रहे थे। प्रदीप रजक ने घर के सामने गाली गलौज करने से मना किया तो सड़क पर गाली दे रहे तू मना करने वाला कौन होता है। कहकर युवकों ने गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट कर पत्थर मारकर सिर फोड़ दिया है। पुलिस ने प्रदीप की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### मेहमान प्रवक्ता के लिए आवेदन 27 अप्रैल तक

**बिलासपुर।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोनी अंतर्गत जिले के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में संचालित विभिन्न व्यवसायों के प्रशिक्षण कार्य पूर्ण कराने मेहमान प्रवक्ता की नियुक्ति की जानी है। इच्छुक आवेदक निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन 27 अप्रैल शाम 5 बजे तक स्वयं उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत या स्पीड पोस्ट के माध्यम से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोनी में जमा कर सकते हैं।

### छांव के लिए शेड जगह ढूंढने की मजबूरी

**बिलासपुर।** रेल प्रशासन ने बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन में दुर्ग से आने वाली चार मुख्य ट्रेनों को आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर से चलाना शुरु कर दिया है। इन चार ट्रेनों के साथ उसलापुर में ट्रेनों की संख्या के साथ यात्रियों की संख्या भी बढ़ गई है, लेकिन अब तक प्लेटफार्म पर लगे शेड का विस्तार नहीं किया गया है। इसके कारण अप्रैल में पड़ रही दोपहर की भीषण गर्मी और तेज धूप में यात्रियों को प्लेटफार्म पर ट्रेन का इंतजार करना मजबूरी हो गई है।

दो साल पहले दुर्ग से चलने वाली सप्ताह में दो दिन मंगलवार और बुधवार को दुर्ग-जम्मूतवी विस्तारित ऊधमपुर, दुर्ग-हजरत निजामुद्दीन संपर्कक्रांति एक्सप्रेस, दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस और दुर्ग-भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन से होकर कटनी सेक्शन की ओर चल रही थी। इन चारों ट्रेन के बिलासपुर स्टेशन से चलने के कारण इंजन चेंज करने में ही आधे से अधिक समय लग रहे थे, जिसके कारण ट्रेन परिचालन प्रभावित हो रहा था। चारों ट्रेन के बिलासपुर से चलने की वजह से स्टेशन का प्लेटफार्म भी यात्रियों से गुलजार रहता था। इसमें सबसे अधिक भीड़ जम्मूतवी एक्सप्रेस में रहती थी, जिसमें सामान्य यात्रियों के साथ सफर करने वाले मजदूरों की संख्या अधिक होती थी। ट्रेनों का परिचालन प्रभावित होने के साथ बिलासपुर स्टेशन में ट्रेनों का दबाव कम करने के लिए रेल अफसरों ने संपर्कक्रांति, जम्मूतवी विस्तारित ऊधमपुर एक्सप्रेस, सारनाथ एक्सप्रेस और अमरकंटक एक्सप्रेस को दुर्ग से रायपुर, भाटापारा से बिलासपुर के बजाय दाधापारा से डायवर्ट कर उसलापुर में स्टापेज देना शुरु कर दिया।

**अव्यवस्था पर परीक्षार्थियों ने जताई नाराजगी**

**काले, गहरे नीले और हरे रंग के कपड़े पूरी तरह प्रतिबंधित, स्कार्फ और बेल्ट पहनना भी मना**

# व्यापमं की परीक्षा में जूते उतरवाए, तपती धूप में नंगे पैर दौड़कर पहुंचे परीक्षा हाल तक

**बिलासपुर।** बिलासपुर में हुए नकल कांड के बाद अब व्यापमं की परीक्षा में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। हाल यह रहा कि रविवार को आयोजित मंडी निरीक्षक की परीक्षा में परीक्षार्थियों के जूते तक उतरवा दिए गए। इन छात्रों को मेन गेट से लेकर परीक्षा हाल तक इस भीषण गमी और तपती धूप में नंगे पैर जाना पड़ा।

छात्र छांव की तलाश करते दिखे तो कुछ छात्रों को दौड़ भी लगानी पड़ी। परीक्षा केंद्रों पर फुलबाह शर्ट, घड़ी, जूते और बेल्ट पूरी तरह प्रतिबंधित थे। बावजूद इसके कुछ परीक्षार्थी फुलबाह की शर्ट पहनकर पहुंचे, जिन्हें प्रवेश से पहले वहीं कैंची से शर्ट की बाहें काटनी पड़ी।मंडी निरीक्षक की परीक्षा रविवार को जिले के 119 केन्द्रों में आयोजित की गई। परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक ली गई। जिसमें 25 हजार 252 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, 9 हजार 144 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें। अभ्यर्थियों को केवल हल्के रंग के आधी बांह के कपड़े पहनकर आने की अनुमति थी। काले, गहरे नीले और हरे रंग के कपड़े पूरी तरह प्रतिबंधित थे। इसके अलावा जूते, मोजे, स्कार्फ और बेल्ट पहनना भी मना था। सिर्फ चप्पल पहनकर ही प्रवेश मिला।





### हाफ शर्ट और हाफ टी शर्ट के लिए मची भागदौड़

कान के आभूषण पहनकर आने पर भी रोक लगाई गई थी। जूते पहनकर आए परीक्षार्थियों को बाहर ही जूते खोलने पड़े क्योंकि चप्पल पहनकर आने का निर्देश था। जिन छात्र-छात्राओं ने जूते पहने थे उनके उतरवा दिए गए और उन्हें नंगे पैर परीक्षा हाल तक जाना पड़ा। व्यवसयिक परीक्षा मंडल ने पहले ही निर्देश जारी कर दिए थे, इस कारण स्थानीय स्तर पर परीक्षा केंद्र प्रभारियों ने नियमों का पालन कराने के लिए पूरी सख्ती बरती। जिन छात्रों ने फुल शर्ट पहना था उन्हें अवसर दिया गया कि वे चाहें तो नजदीक के किसी दुकान से हाफ शर्ट या हाफ टी शर्ट खरीदकर पहन सकते हैं। सबके पास यह व्यवस्था नहीं थी। फूल बांह की शर्ट और टी शर्ट को लेकर यह स्थिति लगभग सभी परीक्षा केंद्रों में देखने को मिली। इसे लेकर भागदौड़ मचती रही।

### पेपर में 100 अंकों के 100 प्रश्न पूछे गए

मंडी निरीक्षक के 200 पदों के लिए पेपर में 100 अंकों के 100 प्रश्न पूछे गए थे। इनमें सामान्य ज्ञान, संविधान छत्तीसगढ़ विशेष, गणित, हिंदी, अंग्रेजी और तर्कशक्ति शामिल थे। 2026 की परीक्षा में शबरी नदी पर जल परिवहन, सूत्रीय विभाजन की अवस्थाएं, और छत्तीसगढ़ के करंट अफेयर्स से संबंधित प्रश्न आए। परीक्षा में फीफा विश्वकप 2026, महिला विश्व कप कबड्डी में छत्तीसगढ़ की खिलाड़ी, 1979 से 1991 तक के प्रधानमंत्री के बारे में सवाल पूछे गए थे। परीक्षा में माइनस मार्किंग भी थी। इसमें गलत उत्तर पर 0.25 अंक काटे जाएंगे।

### सभी परीक्षा कक्ष में दीवार घड़ी

अधिकारियों ने बताया कि परीक्षा में सख्ती को लेकर खास दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। रिस्ट वाच तक पहनने की अनुमति नहीं थी। इसके लिए सभी परीक्षा कक्षों में दीवार घड़ियां लगाई गई थीं ताकि किसी को व्यक्तिगत घड़ी लाने की जरूरत न पड़े। जिन परीक्षार्थियों ने घड़ी पहन रखी थी उसे भी खुलवा दिए गए ताकि किसी भी प्रकार की शंका की कोई स्थिति ही न रहे। परीक्षा केंद्रों में प्रवेश परीक्षा समय से दो घंटे पहले अनिवार्य किया गया था, और प्रवेश द्वार परीक्षा शुरू होने से 15 मिनट पूर्व बंद कर दिया गया। व्यापम द्वारा जारी सख्त निर्देशों के पालन में हर परीक्षा कक्ष में मोबाइल जैमर लगाए गए। स्थिति यह निर्मित हो गई कि परीक्षा केंद्र प्रभारी और केंद्राध्यक्ष भी जब उन कमरों में पहुंचे तो मोबाइल काम करना बंद कर दे रहा था। यह व्यवस्था व्यापम की ओर से ही की गई थी। परीक्षार्थियों की मेटल डिटेक्टर से जांच की गई और महिला परीक्षार्थियों की तलाशी महिला पुलिसकर्मियों द्वारा ली गई। परिसर में सुरक्षा बल लगातार गश्त करते रहे।

**धूल और धीमे कार्य से परेशान हो रहे लोग, अधिकारियों से लगा रहे गुहार**

# अशोकनगर चौक से बिरकोना सड़क तीन साल से जर्जर, अब दो किमी का रास्ता अंधेरे में डूबा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अशोकनगर चौक से बिरकोना वाली सड़क तीन साल से जर्जर है। यहां के निवासियों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अब ताजा मामला स्ट्रीट लाइट खराब होने और नहीं लगाने का है। धूल और धीमे के कारण परेशान हो रहे सैकडों लोगों त्राहिमाम करते हुए अधिकारियों से गुहार लगा रहे हैं। लोग अंधेर में गिरते पड़ते घर तक पहुंच पा रहे हैं। इस क्षेत्र में अब बड़ी बड़ी कालोनियां भी बन गईं है तो पुरानी बसाहट पहले से है ही। करीब 2 किलोमीटर का पूरा रास्ता अंधेरे से भरा पड़ा है।

दरअसल अशोक नगर-बिरकोना मार्ग सड़क अत्यंत जर्जर है और यहां बाइक सवारों के गिरने की घटनाएं आए दिन हो रही हैं। यहां नई नाली और सड़क बनाने के लिए खुदाई की गई। जो सड़क कहीं कही पर पहले अच्छी थी, अब पूरी तरह से खराब हो चुकी है। पाइप डालने के बाद सड़कों की ठीक से मरम्मत नहीं की गई है, जिससे जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। सड़क खराब होने के कारण उड़ती धूल से लोग परेशान हैं और निवासियों में सांस संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं। यहां के निवासी तुलसी राम ने बताया कि करीब दो किमी की सड़क पूरी तरह अंधेरे में डूबी हुई है। कई बार निगम और प्रशासन के अधिकारियों से मांग की गई लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। दो दिन पहले एक बाइक सवार अपने बच्चे के साथ बाइक पर आ रहा था, जो कि अंधेरे और खराब सड़क का शिकार हो गया। बच्चे को काफी चोटें आई हैं।

### हाईकोर्ट ने भी बदहाली पर सवाल उठाया है

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने भी इस मार्ग की बदहाली पर सवाल उठाए हैं और निगम के साथ ही लोक निर्माण विभाग की जर्जर सड़कों की स्थिति पर नाराजगी जताई है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने यह भी पूछा है कि इन सड़कों का निर्माण कब तक पूरा होगा। दूसरी ओर स्थानीय लोग लंबे समय से इस सड़क के निर्माण की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे आवागमन मुश्किल हो गया है। नाली का पानी और मलबा सड़क पर बहने से स्थिति और खराब हो गई है। रेत माफिया के वाहनों के कारण सड़क को और अधिक नुकसान हुआ है।

### किया गया है टेंडर

अशोकनगर चौक से बिरकोना वाली सड़क का काम तेजी से जारी है। दोनों तरफ नालियां भी बनाईं जा रही हैं। स्ट्रीट लाइट के लिए भी टेंडर किया गया है।

**- पूजा विधानी**
महापौर

# यातायात संघ ने खोला मोर्चा, कहा बंद किया जाए ऑनलाइन चालान

**बिलासपुर।** बस, ट्रक और बाइक के लगातार ई-चालान भेजे जाने से नाराज छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ द्वारा अब इसका विरोध किया जा रहा है। महासंघ ने इसके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और ई चालान नहीं रूकने पर पूरे प्रदेश में चक्काजाम करने का एलान कर दिया है।

- चक्काजाम का किया एलान

संघ ने कहा है कि ई-चालान चालक व ट्रक, बस संचालकों पर वित्तीय भार साबित हो रहा है। संघ के अध्यक्ष श्याम लाल दुबे ने बताया कि ई चालान से तंग आकर 32 जिलों में कलेक्टर और एसपी सहित आरटीओ अधिकारियों को पत्र भेजकर विरोध जताया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ई चालान बंद नहीं होते हैं तो प्रदेश में बस मालिक चक्काजाम करने के लिए मजबूर होंगे। दरअसल हाल के दिनों में ट्रैफिक पुलिस द्वारा बेतरतीबी पार्किंग, रॉग साइड पार्किंग, ओवर स्पीड पर यातायात पुलिस द्वारा फोटो खींच कर चालान काटा गया है। महासंघ की ओर से कहा गया है कि उनका विरोध सड़कों पर लगे कैमरे से आने वाले चालान का नहीं है, लेकिन यातायात पुलिस द्वारा महज इसके अपनी जेब भरने के लिए लोगों को परेशान कर रही है। जिसके चलते लोगों में ई चालान को लेकर भय का माहौल पनपने लगा है। यह पूरी तरह से बंद किया जाना जरूरी हो चुका है।

### लोग हो रहे ठगी के शिकार

महासंघ के अध्यक्ष श्री दुबे ने बताया कि ई चालान का भय इतना बढ़ चुका है कि अब ठग इसे अपनी कमाई का जरिया बना चुके है, यही कारण है कि अखबारों में ई-चालान भेजकर लोगों को ठगा जा रहा है। आरटीओ में वाहन नामातंरण के दौरान ई चालान की पेडेंसी ग्राहकों पर वित्तीय भार बढ़ा रही है। लोगों ने अपने वाहन बेचने के बाद ई-चालान पटाना जरूरी नहीं समझा है।

### चालान सिस्टम का हिस्सा है

ई-चालान आटोमेटिक सिस्टम का हिस्सा है। पूरे देश में ई चालान का सिस्टम है, महासंघ की शिकायत मुझे नहीं मिली है। कार्यालय भेजा होगा तो मुझे अप्राप्त है। किसी खास मामले में शिकायत होगी तो उसकी जांच की जा सकती है।

**-असीम माथुर**, आरटीओ, परिवहन विभाग

# वनकर्मियों पर हमला करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार



**बिलासपुर।** जंगल में लकड़ी चोरी कर रहे तस्करों को वनकर्मियों के द्वारा रंगे हाथों पकड़ने पर चोरों ने वनकर्मियों के साथ मारपीट करते हुए कुल्हाड़ी से हमला कर दिया था। पुलिस ने फरार 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

कोटा पुलिस के अनुसार, अमृतसागर कालोनी निवासी वन विकास निगम में परियोजना परीक्षेत्र अधिकारी रवि कुमार जगत 11 अप्रैल सुबह 6 बजे वे अपने स्टाफ के साथ शासकीय वाहन से अपने दैनिक ड्यूटी पर करपिया जंगल महामायी द्वार पर थे। 8.30 बजे ग्राम सोनबंधा निवासी संतदास एवं उसके साथी जंगल में लकड़ी चोरी करने के लिए काटते हुए मिले। पकड़े जाने पर लकड़ी तस्करों ने टीम के साथ विवाद कर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। जिससे वनकर्मी दहशत में आ गए और इसी बीच लकड़ी तस्कर भाग गए थेल। कुल्हाड़ी के हमले से दैनिक वेतन भोगी धन्नू सिंह के हाथ में चोट आई थी।

पुलिस ने श्री जगत की रिपोर्ट पर संतदास एवं उसके अन्य साथी के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 132, 221, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज किया था। 26 अप्रैल को पुलिस ने फरार आरोपी सोनबंधा निवासी संतदास पिता वेदराम टण्डन 25 साल, उसका भाई मुक्तामणी टंडन, सुखराम टंडन व गुलशन सुल्तान पिता अमृत सुल्तान 25 साल को गिरफ्तार कर लिया है।

### सीसीटीवी से खुला सुराग, 3 लाख का बैग मालिक तक पहुंचा

**बिलासपुर।** सरकंडा पुलिस ने एक बार फिर सतर्कता और तकनीक का बेहतर इस्तेमाल करते हुए सराहनीय काम किया है। करीब 3 लाख रुपए कीमत का सोने-चांदी के आभूषण और कपड़ों से भरा बैग उसके असली मालिक तक सुरक्षित पहुंचाया गया। जानकारी के मुताबिक, 21 अप्रैल की रात झारखंड के पलामू जिले के हैदर नगर निवासी शेख आलमगीर बस से बिलासपुर पहुंचा था। शिवघाट के पास उतरते समय वह अपना बैग वहीं भूल गया, जिसमें कीमती सामान रखा था। इसी दौरान रात्रि गश्त कर रही सरकंडा पुलिस को एक लावारिस बैग मिलने की सूचना मिली। पुलिस ने तुरंत बैग को अपने कब्जे में लेकर थाने में सुरक्षित रखा और उसके मालिक की तलाश शुरू की। जांच के दौरान आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। फुटेज के आधार पर बैग मालिक की पहचान शेख आलमगीर के रूप में हुई। पुलिस ने उससे संपर्क कर थाने बुलाया। थाने में बैग का ताला खुलवाकर जांच की गई, जिसमें करीब 3 लाख रुपए के आभूषण और कपड़े मिले। पहचान की पुष्टि के बाद बैग को सुरक्षित उसके मालिक को सौंप दिया गया। अपना कीमती सामान वापस मिलने पर शेख आलमगीर ने पुलिस का आभार जताया



# इस साल सहकारी बैंकों की ब्रांच से ही तय होगी केसीसी की लिमिट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से खेती-किसानी करने के लिए किसानों को दिए जाने वाले लोन की लिमिट इस साल से सहकारी बैंकों की ब्रांचों में ही तय की जाएगी। इससे पहले तक यह लिमिट हेड आफिस से तय की जाती थी। हेड आफिस से लिमिट तय होने के कारण इसमें अनावश्यक विलंब होने के कारण इस साल से केसीसी वितरण की प्रक्रिया का सरलीकरण करते हुए ब्रांच लेवल पर ही लिमिट तय करने संबंधी नई व्यवस्था बनाई गई है।

- प्रक्रिया को आसान करने लिया गया फैसला
- पहले हेड आफिस से तय होती थी लिमिट

शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर खेती-किसानी की शुरूआत करने के लिए किसानों को दिये जाने वाले केसीसी ऋण के लिए लिमिट इस साल ब्रांच स्तर पर ही तय होने वाली है। पहले की स्थिति में सहकारी समितियों द्वारा प्रकरण बनाकर अनुमोदन के लिए संबंधित ब्रांच को भेजा जाता था।

ब्रांच द्वारा पूरे प्रकरणों को अंतिम स्वीकृति के लिए हेड आफिस भेजा जाता था, लेकिन इस पूरी प्रक्रिया में काफी समय लगने के कारण किसानों तक केसीसी लोन की राशि पहुंचने में काफी विलंब हो जाता था।

जिला सहकारी बैंक प्रशासन द्वारा इस पूरी प्रक्रिया का सरलीकरण करते हुए इस साल से सहकारी बैंकों के ब्रांचों को ही लिमिट तय करने का अधिकार दे दिया गया है। अब निचले स्तर पर ही किसानों के केसीसी लोन स्वीकृत किए जा सकेंगे।

### एक अप्रैल से शुरू हो चुका है केसीसी, खाद-बीज वितरण

प्रदेश में अप्रैल का महीना प्रारंभ होते ही खरीफ सीजन का प्रारंभ माना जाता है। ऐसे में खरीफ फसल के लिए सरकार की ओर से किसानों को सहकारी समिति स्तर पर दी जाने वाली सारी सुविधाओं के लिए प्रक्रिया भी अप्रैल के पहले सप्ताह से ही प्रारंभ हो जाती है। इसके अंतर्गत सारी सहकारी समितियों में केसीसी लोन वितरण एवं खाद व बीज वितरण की प्रक्रिया भी प्रारंभ की जा चुकी है।

### सरल बनाई गई प्रक्रिया

इस साल से केसीसी लोन वितरण की प्रक्रिया को सरल बनाते हुए लिमिट तय करने की व्यवस्था ब्रांच स्तर पर ही बनाई गई है। पहले हेड आफिस से लिमिट तय होने के कारण किसानों तक राशि पहुंचने में अनावश्यक विलंब होता था, अब ऐसा नहीं होगा।

**-प्रभात मिश्रा**, सीईओ जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित

### बिलासपुर-टिटलागढ़ पैसेंजर आज और कल रद्द

**बिलासपुर।** पूर्व तटीय रेलवे के सम्बलपुर मंडल के बलांगीर-सम्बलपुर सेक्शन में गर्डर लांचिंग/डि-लांचिंग कार्य के लिए ट्रैफिक सह पावर ब्लॉक लिया जाएगा। इसके फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल से संबंधित गाड़ी संख्या 58213/58214 बिलासपुर-टिटलागढ़-बिलासपुर पैसेंजर दिनांक 27 एवं 28 अप्रैल को रद्द रहेगी।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# बिल्हा मुख्य मार्ग पर वाहन में पथराव कर ड्राइवर की हत्या, 5 दिन में आरोपियों को नहीं खोज पाई पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिल्हा मुख्य मार्ग पर बाइक सवार दो युवकों ने आतंक मचाते हुए उस मार्ग से गुजरने वाले वाहनों पर पथराव किया था, ईंट लगने से बारात लेकर लौट रहे स्वराज माजदा के ड्राइवर की मौत हो गई थी। वहीं ट्रक ड्राइवर व स्कार्पियो सवार 5 बाराती घायल हो गए थे। पांच दिन से पुलिस पथराव करने वाले युवकों को पकड़ नहीं पाई है।

19 अप्रैल की रात बलौदा बाजार ग्राम रवान निवासी ट्रक क्रमांक सीजी 07 सीबी, 0655 में अंबुजा सीमेंट फैक्ट्री से सीमेंट लोड कर चालक सोनू राज चकरभाठा जाने निकला था। भाठापारा व बिल्हा मेन रोड ग्राम झाल में रात 12.30 बजे बाइक सवार दो युवकों ने ईंट ड्राइवर साइड में फेंका, जिससे कांच टूट कर ईंट ड्राइवर के सीने में लगा और ट्रक रांग साइड अनियंत्रित होकर खेत में घुसकर मकान से टकरा गया था। उसके बाद 500 मीटर की दूरी में उक्त बाइक सवार दोनों



हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

युवकों ने उत्पात मचाते हुए बेलटुकरी से बारातियों को लेकर पथिरया लौट रहे स्वराज माजदा के ड्राइवर साइड में ईंट फेंका, जिससे ड्राइवर पथरिया तुमाढेरा निवासी देवकुमार भोसले पिता जगदीश प्रसाद भोसले 40 साल के सिर में गंभीर चोट आई, अस्पताल ले जाते समय उनकी मौत हो गई थी। उसके बाद युवकों ने 3 किलो मीटर दूर बलौदाबाजार से बारात जा रही स्कार्पियो के ड्राइवर साइड में पत्थर फेंका। ड्राइवर को चोट लगने से स्कार्पियो अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर पलट गई और हादसे में 5 बाराती घायल हो गए थे। एसएसपी रजनेश सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पथराव करने वालों को पकड़ने का निर्देश दिया था। पिछले 5 दिन से बिल्हा व एसीसीयू टीम बिल्हा क्षेत्र में सीसीटीवी फुटेज खंगालने व संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। 5 दिन बाद भी पुलिस दो युवकों को नहीं खोज पाई है।

### पतासाजी की जा रही

घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाकर संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। अब तक पत्थर मारकर ड्राइवर की हत्या करने वाले नहीं पकड़े गए हैं। उनकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

**-तोप सिंह नवरंग** बिल्हा टीआई

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव), धारी देवी, चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी-31,500/-, 2 एसी-38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा, कार्यालयों में भी दिख रहा असर

# गर्मी का प्रकोप जारी, लोगों का जीना मुहाल





हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

तपन से बचने के लिए तरह-तरह के जतन कर रहे हैं। बाजार में शरीर को ठंडक देने वाले संसाधनों की मांग लगातार बढ़ रही है एवं गर्मी के चलते लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। दोपहर में सड़कें हो जाती सूनी हो जाती हैं, साथ ही गर्मी का असर कार्यालय में भी दिख रहा है। लगातार बढ़ती गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। लगातार बढ़ते तापमान का असर साफ तौर पर दिखने लगा है। गर्मी से बचने लोग तरह-तरह के जतन भी कर रहे हैं। गर्मी को देखते हुए लोग खान–पान में भी सतर्कता बरतने लगे हैं। आग उगलते सूरज ने लोगों की दिनचर्या बदल दी है। सुबह 7 बजने के साथ ही सूर्यदेव की तिरक्षी नजर लोगों पर पड़ने लगी है, जिस कारण लोगों का घर से बाहर निकलना दूभर हो रहा है। 5-6 दिनों से निरंतर तापमान बढ़ रहा है। रविवार को पारा 44 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। अप्रैल के अंतिम सप्ताह में ही रिकार्ड तोड़ गर्मी पड़ने से लोग बेहाल हो रहे हैं। हवा बंद रहने और आसमान साफ होने से गर्मी अधिक महसूस हो रही है। दिन में हल्की–हल्की उमस भी हावी होने लगी है। लेकिन गर्मी जिस तेजी से बढ़ रही है, उससे लोगों की चिंता बढ़ गई है। गर्मी की मार से चेहरे को बचाने के लिए युवक-युवतियां विशेष ध्यान दे रही हैं। युवतियां तो हाथों में विशेष प्रकार के ग्लब्ज, चेहरे पर रुमाल और चश्मा लगाकर घर से निकलती हैं। दुपहिया वाहन चालकों को विशेष सावधानी बरतनी पड़ रही है। युवा व बुजुर्ग टोपी और गमछा लगाकर गर्मी से अपना बचाव कर रहे हैं। गर्मी से बचाव के लिये कूलर एवं एसी की मांग बढ़ गई है। तेज गर्मी के चलते लोगों का जनजीवन प्रभावित हो गया है। सुबह 10 बजे तक लोग आवश्यक कार्य निपटाने के पश्चात धूप में निकलने से बचना चाहते है। दोपहर में सड़के सूनी हो जाती है। साथ ही गर्मी का असर कार्यालय मे भी देखने को मिल रहा है। अधिकांश कार्यालयों से अधिकारी नदारद नजर आ रहे हैं। इसी प्रकार शाम को 6 बजे के बाद ही सड़क में भीड़–भाड़ नजर आती है। मौसम के तेवर बदलते ही शीतल पेय पदार्थों की मांग बढ़ गई है। मार्केट में कोलड्रिंक्स उपलब्ध है, इसके बावजूद गन्ना रस पीने वालों की भी संख्या कम नहीं हुई है। यही वजह है कि नगर के प्रमुख चौक-चौराहों में गन्ना रस की दुकानें लग गई हैं। घरों में भी खानपान में दही, छाछ, हरी सब्जियों, सलाद आदि को प्रमुखता दी जा रही है।



### लू लगने से खुद को बचाएं

अत्यधिक गर्मी के लंबे समय तक संपर्क में रहने से शरीर पर गंभीर परिणाम हो सकते हैं, जिनमें हल्के निर्जलीकरण से लेकर जानलेवा हीट स्ट्रोक तक शामिल हैं। हर साल, लू चलने से अस्पताल जाने वालों की संख्या में अचानक वृद्धि होती है, खासकर बच्चों, बुजुर्गों और पहले से ही स्वास्थ्य समस्याओं से ग्रस्त लोगों जैसे कमजोर समूहों में।

### प्यास न लगने पर भी पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं

लू चलने के दौरान सबसे महत्वपूर्ण कदमों में से एक है शरीर को हाइड्रेटेड रखना। डॉक्टर नियमित रूप से पानी पीने की सलाह देते हैं, भले ही आपको प्यास न लगे। ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन (ओआरएस), नारियल पानी और ताजे फलों के रस जैसे तरल पदार्थ इलेक्ट्रोलाइट संतुलन बनाए रखने में मदद कर सकते हैं। वहीं दूसरी ओर, शराब, कैफीनयुक्त पेय पदार्थ और मीठे शीतल पेय से बचना चाहिए क्योंकि ये निर्जलीकरण को और बढ़ा सकते हैं।

### भीषण गर्मी के समय घर से बाहर निकलने से बचें

सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे के बीच बाहरी गतिविधियों को सीमित करना बेहद जरूरी है, क्योंकि इस दौरान सूरज की गर्मी सबसे तेज होती है। अगर बाहर निकलना जरूरी हो, तो हल्के रंग के ढीले-ढाले कपड़े पहनने से शरीर को ठंडा रखने में मदद मिल सकती है। टोपी, धूप का चश्मा या छाता जैसे सुरक्षात्मक उपकरणों का उपयोग करने से भी सूर्य की सीधी धूप के संपर्क में आने से बचा जा सकता है।

### आसपास के वातावरण को ठंडा रखें

घर के अंदर ठंडे वातावरण में रहना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। पर्दे, पंखे या एयर कंडीशनर का उपयोग करने से घर के अंदर का तापमान कम करने में मदद मिल सकती है। ठंडे पानी से स्नान करना या शरीर पर गीला तौलिया रखना जैसे सरल उपाय भी गर्मी से राहत दिला सकते हैं। लू चलने के दौरान कुछ समूह अधिक संवेदनशील होते हैं। बच्चों, बुजुर्गों और पहले से ही किसी बीमारी से ग्रसित लोगों को अतिरिक्त ध्यान और देखभाल की आवश्यकता होती है।

# पीएम के मार्गदर्शन से देश स्वच्छ ऊर्जा की ओर अग्रसर: धरमलाल

**सरगांव।** नगर पंचायत सरगांव के बूथ क्र 122 में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के 133वें एपिसोड का श्रवण किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक का का सानिध्य प्राप्त हुआ। मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री ने राष्ट्र निर्माण, जनभागीदारी एवं सकारात्मक बदलाव से जुड़े अत्यंत प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम में बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि, प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन पर आज देश स्वच्छ ऊर्जा की ओर अग्रसर हो रहा है। उनकी अच्छी नीतियों का ही परिणाम है कि, आज देश सोलर ऊर्जा में क्रांति ला रहा है। कार्यक्रम को केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रणजीत सिंह होरा, मंडल अध्यक्ष पोषण यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष परमानंद साहू, रामकुमार कौशिक, मनोज यादव, महेश साहू, जमुना पाड़े , डॉ हिरावन साहू, डॉ मुरली कौशिक, समर जुनेजा, उदित साहू, निखिल कौशिक सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### पवन ऊर्जा में भारत अब बड़ी ताकत

पीएम मोदी ने मन की बात में कहा कि, आज वह एक ऐसी शक्ति की बात करना चाहते हैं, जो दिखाई नहीं देती, लेकिन उसके बिना जीवन एक पल भी संभव नहीं है, यह शक्ति है पवन ऊर्जा। उन्होंने कहा, यही ताकत भारत को आगे बढ़ा रही है, और आज पवन ऊर्जा देश के विकास की नई कहानी लिख रही है। प्रधानमंत्री ने बताया कि, भारत ने हाल ही में इस क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है और देश की पवन ऊर्जा क्षमता 56 गीगावाट से अधिक हो गई है, जिससे भारत दुनिया के अग्रणी चार देशों में शामिल हो गया है।

# जनचौपाल लगाकर सुनी गई पीएम की 'मन की बात'

**लोरमी।** लोरमी भाजपा मंडल के बूथ क्रमांक 242 ग्राम डिंडोल में क्षेत्र के विधायक व उपमुख्यमंत्री अरुण साव के मार्गदर्शन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का 133वां संस्करण चौपाल लगाकर कर सुना गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश मंत्री विनय साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता धनीराम यादव, जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग महाजन जायसवाल, प्रदेश संयोजक सैनिक प्रकोष्ठ संतोष साहू, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा अंजना दास, जिला मंत्री युवामोर्चा पियुष साहू, अध्यक्ष महिला मोर्चा रेखा ठाकुर की उपस्थिति रही।कार्यक्रम का संचालन युवा मोर्चा लोरमी महामंत्री सुरेंद्र साहू ने किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से सरपंच प्रतिमा साहू, पूर्णिमा अहिरवार,योगेश ठाकुर, राज साहू, बूथ सदस्य रामभरोस साहू, संदीप पटेल, सोहन साहू, गरीबराम राजपूत, सैफू साहू, भोलीकांति साहू, नंदिनी राजपूत, सुमित्रा साहू, सरस्वती साहू, दुलौरिन साहू, मिलौतीन निषाद सहित ग्राम पंचायत के पंच, भाजपा युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा सहित स्वसहायता समूह के सदस्य मौजूद रहे।



# बदहाल हो रहा पंचायतों में बना कृष्ण कुंज




तहसील कार्यालय के पास बनाये गये कृष्ण कुंज।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

■ देखरेख के अभाव में सूख चुके हैं पौधे

प्रदेश के पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के शासन काल में ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में बनाया गया कृष्ण कुंज देखरेख के अभाव में बदहाल होते जा रहा है। दरअसल कृष्ण कुंज में आम, इमली, आंवला, कटहल, कदम, बरगद, पीपल जैसे छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए थे, जो देखरेख के अभाव में अधिकांश पेड़ सूख चुके हैं।

पर्यावरण संरक्षण को लेकर सरकार की बहुत ही अच्छी सोच सोच थी। लेकिन सूबे में सत्ता परिवर्तन के साथ हरे-भरे कृष्ण कुंज निगरानी देखरेख के अभाव में अपने बर्बादी के तरफ अग्रसर है। जिम्मेदारों को कृष्ण कुंज के तबाही से सरोकार नहीं है। मुंगेली तहसील कार्यालय के पास वर्ष 2022 में जनपद मद 15वें वित योजना से साढ़े तीन लाख रूपये लागत से बनाया गया कृष्ण कुंज विरानियों में सिमटने लगा है। कृष्ण कुंज में लगाएं गए फल एवं छायादारा पेंडो की सुध लेने वाला कोई नहीं है। खूबसूरत कृष्ण कुंज पर्यावरण संरक्षण तथा आंगतुकों के लिए स्वागत द्वार तथा सीसी सडक बनाए गए है बेहतर कल्पना थी जहां सुकून के कुछ लम्हे बिताया जा सकता था, लेकिन कृष्ण कुंज सुरक्षित रखने में लापरवाही बरती जा रही है। यदि समय रहते देखरेख नहीं हुई तो निश्चित रूप से विरानियों में तब्दील हो कर रह जाएगा। लगाए गए हरे-भरे पेंड़ो को सहेज कर रखने की आवश्यकता है। लेकिन अफसोस इस बात का कि शासन-प्रशासन के ओर से ध्यान नही दिये जाने की वजह से कृष्ण कुंज बदहाल स्थिति में पहुंच गया है। शासन की ओर से चलाए जा रहे अभियान एक पेंड मां के नाम पर विशेष ध्यान दिया जा रहा हैं। वहीं लगभग तैयार हो चुके पेंडो को नजर अंदाज किया जा रहा है। क्षेत्र के कुछ जागरूक सामाजिक लोगो ने क्षेत्र में बनाए गए कृष्ण कुंज के महत्ता को समझते हुए इस धरोहर को सहेज कर रखने की बात कही है ताकि कृष्ण कुंज महफूज और सलामत रहे।

## बोर खनन में निकला भरपूर पानी



**लोरमी।** नगर के वार्ड क्रमांक 4 बाजार मोहल्ले में नगर पालिका द्वारा बोर खनन का भूमिपूजन सभापति राजेंद्र सलूजा, वार्ड पार्षद सभापति आलोक शिवहरे एवं प्रेस क्लब सचिव नूतन गुप्ता के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। जिस स्थान पर बोर 350 फीट गहरा खोदा गया, जिसमें चार इंच से अधिक श्रोत प्राप्त हुआ। महज 60 फीट में पानी निकला प्रारंभ हुआ। जो थमा नही। इस अवसर पर पवन गुप्ता, अजीत गुप्ता, नीलकंठ साहू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# ठाकुरदेवा में जुटे मल्हार के कार्यकर्ता

**मल्हार।** ग्राम ठाकुरदेवा बूथ क्रमांक 267 में रविवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का 133वां संस्करण सुना। इस दौरान प्रधानमंत्री ने विशेष रूप से बांस से बने उत्पादों की उपयोगिता और महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि, बांस से बने वस्तुएं न केवल पर्यावरण के अनुकूल हैं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। साथ ही उन्होंने पवन चक्की एवं सोलर पैनल जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों के महत्व के बारे में भी जानकारी दी। इसके अलावा देश महत्वपूर्ण मुद्दों व उपलब्धियों को देश के सामने रखी। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री अनुसूचित जाति मोर्चा चंद्रप्रकाश सूर्या, जिला मन की बात प्रभारी सुरेश कुमार खटकर, मल्हार मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह ठाकुर, मंडल उपाध्यक्ष लोकनाथ बंजारे, किसान मोर्चा अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, युवा मोर्चा जिला कार्यसमिति सदस्य पूरन सिंह ठाकुर, पिछड़ा वर्ग महामंत्री सुरेश साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष सरस्वती यादव, महिला मोर्चा मंडल महामंत्री अरुणा साहू, ज्योति जायसवाल, शकुन साहू, अशोक सोनी, युवा मोर्चा महामंत्री राजेश यादव, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष रंजीत सोनी, कार्यसमिति सदस्य परमेश्वरी यादव, रुखमणी साहू, रीना ध्रुव, मंडल कार्यकारिणी सदस्य श्याम घोष सहित अनेक कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। चंद्रप्रकाश सूर्या एवं सुरेश कुमार खटकर ने 'मन की बात' कार्यक्रम के उद्देश्य एवं भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक कार्यों पर प्रकाश डालते हुए सभी कार्यकर्ताओं को समाज सेवा एवं जनकल्याण के कार्यों में सक्रिय रहने हेतु प्रेरित किया।



## बिटकुली में सामूहिक विवाह शामिल होंगे तोखन साहू

**मुंगेली।** ग्राम बरदुली में भक्त माता कर्मा, राजिम जयंती एवं सामूहिक आदर्श विवाह का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री अरुण साव, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ डॉ. निरेंद्र साहू, प्रमुख अतिथि पूर्व मंत्री एवं विधायक पुन्नूलाल मोहले, विधायक धरमलाल कौशिक, पूर्व सांसद लखनलाल साहू, पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग थानेश्वर साहू, अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीकांत पांडे, उपाध्यक्ष प्रदेश साहू संघ तिलक राम साहू, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी संजीत बनर्जी सहित समाज के पदाधिकारीगण जनप्रतिनिधिगण शामिल रहेंगे। कार्यक्रम 29 अप्रैल बुधवार को शाम 6 बजे चूलमाटी एवं तेल के साथ प्रारंभ होगा।

## अग्निवीर भर्ती की तैयारी हेतु निशुल्क कोचिंग प्रशिक्षण

**मुंगेली।** जिले के युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर सामने आया है। अग्निवीर भर्ती 2026 के लिए पंजीकृत अभ्यर्थियों को कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार लिखित परीक्षा की बेहतर तैयारी कराने हेतु निशुल्क कोचिंग प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अग्निवीर भर्ती हेतु ऑनलाइन पंजीयन की अंतिम तिथि 10 अप्रैल निर्धारित की गई थी। आवेदकों के लिए 4 मई से 4 जून तक निशुल्क कोचिंग कक्षाएं संचालित की जाएंगी, जिससे अभ्यर्थी लिखित परीक्षा की प्रभावी तैयारी कर सकें। इच्छुक एवं पंजीकृत आवेदक 30 अप्रैल तक रोजगार विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर कोचिंग हेतु पंजीयन करा सकते हैं।

# अनुशासन समिति में नामित होने पर छाबड़ा का सम्मान

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिक परिषद द्वारा जिला अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ अधिवक्ता रविन्द्र सिंह छाबड़ा को एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। परिषद ने उन्हें अनुशासन समिति में नामित सदस्य के रूप में नियुक्त किया है। यह नियुक्ति परिषद की बिलासपुर में आयोजित सामान्य सभा की बैठक में सर्वसम्मति से लिये गए निर्णय के आधार पर की गई। अध्यक्ष के आदेशानुसार, परिषद के सचिव अमित कुमार वर्मा ने इस आशय का आधिकारिक प्रमाण पत्र जारी किया है।

इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ राज्य विधिज्ञ परिषद के निर्वाचित सदस्य रूपेश त्रिवेदी की विशेष उपस्थिति में प्रमाण पत्र वितरण एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वरिष्ठ अधिवक्ता रूपेश त्रिवेदी ने जिला एवं सत्र न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता रविंद्र सिंह छाबड़ा को अनुशासन समिति नामित सदस्य का प्रमाण पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष अधिवक्ता आकुम गेंदले ने की। वरिष्ठ अधिवक्ता संजय गुप्ता एवं वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने संबोधित किया। अधिवक्ता रविन्द्र सिंह छाबड़ा ने अपनी नियुक्ति पर राज्य विधिक परिषद का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन अधिवक्ता प्रकाश गंधर्व द्वारा किया गया। अधिवक्ता अनुप मजुमदार, देवेंद्र शुक्ला, अमितेश त्रिवेदी, संजय गुप्ता, गिरीश दीवान, देवेंद्र पांडेय, आकुम गेंदले, अजय कश्यप, रजनीकांत सिंह ठाकुर, प्रकाश गंधर्व, मनोज ठाकुर, प्रदीप साहू, ज्ञानेश्वर वेंताल, विकास बिसेन, तरनदीप सिंह, इंद्रप्रीत कौर, चनमीत सिंह, सूरज शर्मा, कुसुमलता जांगड़े, तोरन, अशफाक, उमेश, सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता एवं शुभचिंतक उपस्थित रहे। उक्त जानकारी सूरज शर्मा द्वारा दिया गया।



रविन्द्र सिंह छाबड़ा का सम्मान करते अधिवक्ता।

# पीएम के संदेश प्रेरणादायक: माधवी

**तखतपुर।** ग्राम खरकेना बूथ क्रमांक 329 में पूर्व जनपद सदस्य योगेश साहू के निवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का 133वां एपिसोड सुनने के बाद तखतपुर जपं की अध्यक्ष माधवी संतोष वस्त्रकार ने कहा कि, पीएम ने मन की बात के माध्यम से देश के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं जनहित से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की, जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्ररणादायक है। इस अवसर पर रामकुमार निर्मलकर, क्षमा सिंह, हरप्रसाद कौशिक, योगेश साहू, रामफल निर्मलकर, जितेंद्र यादव, विरेंद्र कौशिक, राघवेंद्र साहू, तोरण कौशिक, अर्जुन साहू, कृष्णा कौशिक, संजय साहू, गोवर्धन विश्वकर्मा, राधा साहू, राजेश्वरी योगेश साहू, श्यामता श्रीवास, गायत्री साहू अनुजा साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।



## दर्शन करने उमड़ी शिवभक्तों की भीड़

# श्याम मंदिर में सोमनाथ ज्योतिर्लिंग दर्शन, रूद्र पूजा व सत्संग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आर्ट ऑफ लिविंग बिलासपुर परिवार एवं वैदिक धर्म संस्थान के तत्वावधान में रविवार को खाटू श्याम मंदिर परिसर में सोमनाथ ज्योतिर्लिंग दर्शन, रूद्र पूजा एवं महासत्संग का आयोजन किया गया। इस दिव्य आध्यात्मिक आयोजन में 1000 से अधिक वर्षों से प्राचीन मूल सोमनाथ ज्योतिर्लिंग की वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा, अभिषेक किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने इसका दर्शन लाभ लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ ओम नमः शिवाय के सामूहिक उच्चारण एवं भक्ति गीत-गणपति मोरया गणेश हो, मंगल मूर्ति मोरया गणेश हो..की प्रस्तुति के साथ किया गया। इसके बाद ज्योतिर्लिंग लेकर शहर पहुंचे स्वामीजी ने बताया कि इस पावन आयोजन की प्रेरणा श्री श्री रविशंकर महराज के आशीर्वाद से मिली है। परंपरा के अनुसार यह पवित्र शिवलिंग कुछ अग्निहोत्री ब्राह्मणों द्वारा सुरक्षित रखा गया और कांची कामकोटि पीठ के शंकराचार्य के आदेशानुसार यह दिव्य शिवलिंग श्रीश्री रविशंकर महराज को सौंपा गया। इसके बाद उनके मार्गदर्शन में देश भर में इस पवित्र शिवलिंग के दर्शन हेतु आध्यात्मिक यात्राओं एवं आयोजनों की श्रृंखला प्रारंभ की गई है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों में भी भ्रमण किया जा रहा है। अभी तक जगदलपुर, अंबिकापुर, कोरबा, रायपुर, जांजगीर-चांपा सहित अन्य शहरों से होते हुए बिलासपुर पहुंचे हैं और ज्योतिर्लिंग दर्शन का लाभ आज बिलासपुर के श्रद्धालुओं को प्राप्त हो रहा है। इसके बाद उन्होंने अपने साथ आए पण्डितों की टीम के साथ वैदिक मंत्रोच्चार से रुद्राभिषेक कराया। इससे पूरा माहौल आध्यात्ममय बना रहा।




## तीन चरणों में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जनगणना के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं आवास गणना हेतु जिले में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का तीन चरणों में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम 15 से 24 अप्रैल तक सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया। प्रशिक्षण समापन अवसर पर जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने लोरमी एवं लालपुर थाना क्षेत्र का दौरा कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को जनगणना से जुड़े सभी बिंदुओं को गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ समझने के निर्देश दिए, ताकि सटीक एवं विश्वसनीय जानकारी का संकलन सुनिश्चित हो सके और जनगणना कार्य पारदर्शी व सफलतापूर्वक संपन्न किया जा सके।

एडीएम ने वर्तमान गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने तथा पूरी निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की भी अपील की। साथ ही बताया कि 30 अप्रैल तक नागरिक स्वयं स्वगणना के माध्यम से अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं, जिसका सत्यापन प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जनगणना की प्रक्रिया दो चरणों में आयोजित की जाएगी। प्रथम चरण के तहत 01 मई से 30 मई 2026 तक मकान सूचीकरण एवं आवास गणना का कार्य किया जाएगा।

